ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
14 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 174
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

विधायक आवास का निर्माण ससमय पूरा करें : हेमंत सोरेन













## इडी की राज्य में एक और बड़ी कार्रवाई, लैंड स्कैम केस में रेड

# आइएएस छवि रंजन पर इडी ने कसा शिकंजा, 22 ठिकानों पर छापा

- रांची के पूर्व डीसी और वर्तमान में समाज कल्याण विभाग के निदेशक हैं छवि रंजन
- झारखंड, बिहार, बंगाल समेत 22 जगहों पर पहुंची टीम
- सेना की जमीन अवैध तरीके से बेचने का मामला
- बड़गाईं राजस्वकर्मी को हिरासत में लिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने लैंड स्कैम मामले में गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। खनन घोटाले मामले के बाद इडी की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इस कार्रवाई में निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के बाद अब रांची के पूर्व उपायुक्त (डीसी) छवि रंजन शिकंजे में आ गये हैं। वर्तमान में छवि रंजन समाज कल्याण विभाग में निदेशक के पद पर हैं। इडी ने छवि रंजन, उनके करीबियों, कई अंचालाधिकारी, जमीन कारोबारियों के यहां छापा मारा। इडी ने गुरुवार सुबह लगभग सात बजे झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में 22 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। छवि रंजन के अलावा उनकी पत्नी लवली के घर पर भी छापेमारी हुई है। वहीं बड़गाईं के राजस्व कर्मी भानू प्रताप प्रसाद के रांची और सिमडेगा स्थित घर पर छापामारी में जमीन से जुड़े ऐसे कागजात मिले हैं, जिन्हें देख कर अधिकारी चौंक गये। अधिकारी भानूप्रताप प्रसाद को अपने साथ लेकर रांची आये हैं।

**जमीन घोटाले का है मामला :** गौरतलब है कि छवि रंजन सहित अंचलाधिकारियों पर नियमों का उल्लंघन कर जमीन की खरीद-बिक्री को मंजूरी देने का आरोप है। बताया जा रहा है कि रांची के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में इडी यह कार्रवाई कर रही है। रांची में सेना की जमीन की रजिस्ट्री के मामले में रांची जिला प्रशासन की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सेना की जमीन खरीद में फर्जीवाड़ा के मामले में इडी मनी लांड्रिंग के पहलुओं की जांच कर रही है।

**आयुक्त ने पहले ही किया था खुलासा :** गौरतलब है कि आयुक्त की जांच रिपोर्ट में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ था। रिपोर्ट में यह बात सामने आयी थी कि प्रदीप बागची नामक व्यक्ति ने फर्जी रैयत बन कर जगत बंधु टी इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार घोष को उक्त जमीन बेच डाली थी। जमीन की खरीद-बिक्री के लिए रजिस्ट्री में प्रदीप बागची ने जिन होल्डिंग नंबर से संबंधित दो अलग-अलग कागजात को लगाया था, वह जांच में फर्जी मिले थे। इसके बाद रांची नगर निगम की ओर से भी बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इडी ने इस पूरे मामले में मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था।





### इडी ने कहां और किनके यहां छापेमारी की

इडी ने रांची के बरियातू, लालपुर, कांके और हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्रों में छापेमारी की। आइएएस छवि रंजन के सरकारी आवास और जमशेदपुर स्थित आवास पर छापा मारा। बरियातू में आरके एनक्लेव में नामकुम के सीइओ विनोद प्रजापति रहते हैं। वहीं रांची के बड़े जमीन कारोबारी और रसूखदार बिल्डर माने जानेवाले अफसर अली खान के पांच ठिकानों पर छापेमारी हुई। अफसर अली के छवि रंजन से बहुत ही घनिष्ठ ताल्लुक थे। इसके अलावा नामकुम सीओ विनोद प्रजापति, बड़गाईं के अंचल कर्मी भानू प्रताप प्रसाद, हजारीबाग में प्रज्ञा केंद्र संचालित करने वाले पंकज प्रसाद, अशोक सिंह सहित कई लोगों के यहां छापेमारी की गयी है।

### अधिकारियों के 84 चेकबुक प्रज्ञा केंद्र से मिले

इडी ने इसी क्रम में हजारीबाग के मेरू बीएसएफ कैंप के पास एसबीआइ ग्राहक सेवा केंद्र और प्रज्ञा केंद्र संचालक पंकज प्रसाद के घर और दुकान पर छापामारी की। जानकारी के मुताबिक पंकज प्रसाद और उसके दो भाई सेंटर चलाते हैं। पंकज प्रसाद के घर और दुकान से आइएएस अधिकारियों के 84 चेक बुक मिले हैं। उधर, रांची के बरियातू स्थित अफसर अली नाम के व्यक्ति के घर पर भी इडी ने छापा मारा है। अफसर अली रिम्स के रेडियोलॉजी विभाग का कर्मी है।

### अंचलकर्मी के यहां कागजात देख हैरान हुए अधिकारी

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इडी ने बड़गाईं के अंचल कर्मी भानु प्रताप के बरियातू स्थित घर और सिमडेगा स्थित पैतृक निवास पर छापा मारा। भानु के घर से स्टील के बक्से में भरे कागजातों को देख कर इडी के अधिकारी हैरान हो गये। स्टील के कई बक्से में हजारों की संख्या में जमीन संबंधित दस्तावेज बंद थे। यहां से कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के दो फर्जी स्टांप्ट भी मिले। घर से कई ऐसे दस्तावेज बरामद हुए हैं, जो यह साबित करते हैं कि जमीन माफिया और सीओ ऑफिस के कर्मचारियों के बीच गहरी सांठगांठ है।

**बिहार तक पहंची जांच की आंच :** इडी की टीम झारखंड में जमीन से जुड़े मामले की जांच के लिए गोपालगंज तक पहुंची। यहां कुचायकोट थाना क्षेत्र के बनतैल गांव में कुचायकोट ब्लॉक प्रमुख बबली सिंह के मायके में राजेश सिंह के घर पर जांच की। सूत्रों के मुताबिक बबली सिंह के भाई राजेश सिंह ने रांची में जमीन ली है। आइएएस छवि रंजन का तार यहां से जुड़ने के कारण इडी की टीम जांच के लिए पहुंची थी। घर में मौजूद सभी लोगों से पूछताछ की गयी। कागजातों को खंगाला गया और बैंक खातों की जांच की गयी।

### बंगाल में प्रदीप बागची के यहां छापा

इडी की टीम ने आइएएस छवि रंजन के करीबी प्रदीप बागची के आसनसोल स्थित फ्लैट पर भी छापेमारी की। छापेमारी के दौरान प्रदीप अपने फ्लैट में नहीं थे। फ्लैट में ताला लगा था। पड़ोसियों के अनुसार, प्रदीप ने यह फ्लैट किराये पर लिया है। प्रदीप के फ्लैट की साफ-सफाई करने और खाना बनानेवाली नौकरानी के पास इसका चाबी था। इडी के अधिकारियों ने नौकरानी को बुलवाकर फ्लैट खुलवाया और उसकी मौजूदगी में जांच की। बागची का आसनसोल साउथ थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊषाग्राम में उद्यांचल टावर के तीसरी मंजिल पर फ्लैट है।

### रिम्स में कर्मचारी है अफसर अली

अफसर अली खान रिम्स का एक मामूली कर्मचारी है, लेकिन उसका रसूख इतना है कि बड़े-बड़े उसके सामने पानी भरते हैं। जानकारी के अनुसार जमीन के फर्जी कागजात बनाना अफसर अली के बायें हाथ का खेल है। इसी के बल पर उसने अकूत संपत्ति कमाई है।

### हिरासत में लिया गया भानू प्रताप

राजस्वकर्मी भानू प्रताप के यहां से प्राप्त दस्तावेज को खंगालने में इडी को कई दिन लगेंगे। सभी कागजात जमीन से जुड़े हैं। सूत्रों के मुताबिक भानू प्रताप घर से ही जमीन का फर्जीवाड़ा करता था। इडी ने कागजात जब्त कर लिया है। भानू प्रताप को हिरासत में ले लिया है।

### खबर लिखे जाने तक छापा जारी

इडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस छापेमारी में कई तरह के डिजिटल उपकरण और डॉक्यूमेंट बरामद किये गये हैं, जिनकी जांच की जा रही है। हालांकि अब तक की छापेमारी में इडी को क्या-क्या बरामद हुआ है, यह अभी आधिकारिक रूप से नहीं बताया गया है। कई जगहों पर खबर लिखे जाने तक छापेमारी की कार्रवाई जारी थी।

## मोदी सरनेम केस में सूरत कोर्ट ने सुनवाई पूरी, 20 अप्रैल को फैसला

**सूरत (आजाद सिपाही)।** मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी की 2 साल की सजा बरकरार रहेगी या रोक लगेगी, इस पर अब 20 अप्रैल को फैसला आयेगा। सूरत के सेशन कोर्ट में गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। एडिशनल सेशन कोर्ट जज आरपी मोगेरा ने कहा कि वह 20 अप्रैल को फैसला सुनाएंगे। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान राहुल गांधी को उपस्थित न रहने की छूट दी थी। राहुल के वकील आरएस चीमा ने कोर्ट में तर्क दिया कि टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस उचित नहीं था। साथ ही केस में अधिकतम सजा की भी जरूरत नहीं थी। चीमा ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 389 में अपील लंबित होने पर सजा के निलंबन का प्रावधान है।

## पीएम ने 71 हजार युवाओं को दिये नियुक्ति पत्र, कहा

# हरदम सीखने को तैयार रहें : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार की रोजगार मेला स्कीम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र जारी किये। ये सभी अलग-अलग राज्यों से जुड़े। इन सभी युवाओं को केंद्र सरकार के विभागों में नौकरी दी गयी है। प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर मोदी ने कहा कि मैं अपने आपको हमेशा एक विद्यार्थी मानता रहा हूं। मैं कभी ये नहीं सोचता कि मुझे सब कुछ आता है। अब कुछ सीखने की जरूरत नहीं है। आप भी कभी ऐसा मत सोचना कि आप सब कुछ सीख गये हैं। सीखने के लिए हमेशा तैयार रहना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पूरी दुनिया कोविड के बाद मंदी से जूझ रही है, ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था लगातार गिरती जा रही है। बावजूद इसके दुनिया भारत को एक चमकते बिंदु की तरह देख रही है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं के सामने कई ऐसे सेक्टर खुल गये हैं, जो 10 साल पहले युवाओं के सामने उपलब्ध ही नहीं थे। स्टार्टअप का उदहारण हमारे सामने है।

### झारखंड से 307 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में झारखंड के युवा रांची से जुड़े। रांची स्थित सीसीएल दरभंगा हाउस सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस चौथे रोजगार मेला में झारखंड से 307 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। रांची में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सांकेतिक रूप से 25 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। अर्जुन मुंडा ने नियुक्ति पत्र देकर उन्हें बधाई दी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, कांके विधायक समरी लाल, डीआरएम प्रदीप कुमार गुप्ता सहित कई अन्य मौजूद रहे।




आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1st Channel

| सर्राफा | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,100 रु./10 ग्राम | |
| चांदी | 79,500 रु./प्रति किलो | |



## हर कीमत पर बंद होना चाहिए झारखंड को लूटने का यह सिलसिला

# आइएएस छवि रंजन के खिलाफ इडी की कार्रवाई के बाद उठ रहे हैं सवाल

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड के एक और आइएएस अधिकारी छविरंजन और कई अन्य सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ गुरुवार को हो रही प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के बाद सोशल मीडिया में एक बात बहुत जोर-शोर से कही जा रही है और वह है कि अब झारखंड को लूटने का यह सिलसिला हर कीमत पर बंद करना होगा। लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या झारखंड में 23 साल में यही सिस्टम विकसित हुआ, जिसमें एक हलका कर्मचारी अपने घर पर सरकारी दस्तावेज जमा रखता है और फिर उसमें हेराफेरी करता है। दरअसल, 23 साल पहले बिहार से अलग होकर बने झारखंड में यदि दो चीजें खूब फली-फूलीं, तो वे हैं भ्रष्टाचार और जमीन का धंधा। इन दो बड़ी बीमारियों ने खनिज संपदा से भरपूर इस खूबसूरत प्रदेश को ऐसा जकड़ा कि यहां के लोग त्राहि-त्राहि करने लगे। एक तरफ भ्रष्टाचार ने राज्य के विकास में बाधाएं पैदा कीं, तो दूसरी तरफ जमीन के धंधे ने यहां के अधिकारियों को अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने से रोका। झारखंड में जमीन का कारोबार इतना फैला कि राज्य के भ्रष्टाचार की नदी का सारा पानी इसमें समाता चला गया। काली कमाई को कंपनियों के माध्यम से जमीन में निवेश करना यहां आम हो गया। इसलिए जमीन का आकर्षण भी बढ़ता गया और देखते-देखते पैसेवालों का यह सबसे प्यारा शगल बन गया। इस धंधे ने स्वाभाविक तौर पर दलाल और बिचौलिये पैदा किये, आपसी रंजिश बढ़ी, तो हिंसक वारदातें भी हुईं। अधिकारियों को तब भी कोई फर्क नहीं पड़ा। अरबों रुपये की सरकारी जमीन को दस्तावेज में हेराफेरी कर बेच दिया गया और खासमहाल या गैर-मजरुआ जमीन का भी सौदा कर लिया गया। झारखंड में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों की लिस्ट इतनी लंबी है और उनके खातों में ऐसे-ऐसे कारनामे दर्ज हैं कि इस पर एक पूरा शोध प्रबंध तैयार किया जा सकता है। आइएएस छविरंजन और अन्य के खिलाफ शुरू हुई इडी की कार्रवाई की पृष्ठभूमि में झारखंड में लूट-खसोट के खेल के बारे में बता रहे हैं ***आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

घटना 2004 की है। झारखंड बने चार साल ही हुए थे। राज्य में तैनात एक आइएएस अधिकारी राजधानी रांची के सबसे पॉश इलाके अशोक नगर के इलाके में अपने लिए एक मकान खोज रहे थे। तभी उन्हें अरगोड़ा में बन रहे एक अपार्टमेंट के बारे में जानकारी मिली। वह उसे देखने पहुंचे और फ्लैट की बुकिंग कराने की जगह उन्होंने पूरा अपार्टमेंट ही खरीद लिया। उस अपार्टमेंट में आठ फ्लैट थे। सौदा ढाई करोड़ में तय हुआ था। उन दिनों इस सौदे की खूब चर्चा हुई थी। बाद में उस अपार्टमेंट को ध्वस्त कर वहां आलीशान बंगला बनाया गया। यह घटना इस बात की ओर संकेत करती है कि झारखंड में जमीन-मकान खरीदने में अफसर कितनी रुचि दिखाते हैं।

वर्ष 2010 के मई महीने में गुमला जिले में एक ही रात सात पुल बह गये थे और किसी ठेकेदार या अधिकारी का बाल बांका नहीं हुआ। जामताड़ा में पूरा का पूरा स्कूल भवन ही आसमानी बिजली का शिकार होकर ध्वस्त हो गया और इसे बनानेवाला ठेकेदार कहीं दूसरी जगह ऐसी ही इमारत बनवा कर अपनी तिजोरी भर रहा था। 2019 में हजारीबाग की कोनार सिंचाई नहर परियोजना का उद्घाटन किया गया था। करीब दो हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना के उद्घाटन का पूरा श्रेय नेताओं ने लिया, लेकिन महज 13 घंटे में ही यह बह गया, क्योंकि चूहों ने इसे कुतर दिया था। चतरा में हजारों हेक्टेयर जमीन पर जंगल लगाये गये, लेकिन एक भी पौधा पेड़ नहीं बन सका, क्योंकि मवेशियों ने उन्हें अपना ग्रास बना लिया था। हजारीबाग में करोड़ों की खास महाल की जमीन बेच दी गयी। इन घटनाओं के कारण ही झारखंड को भ्रष्टाचार का पर्याय माना जाने लगा। 2021 के मई महीने में चक्रवाती तूफान 'यास' के कारण राज्य में खूब बारिश हुई। इस बारिश में बुंडू के पास तीन साल पहले बना 10 करोड़ रुपये की लागत से बना एक पुल बह गया।

**23 साल में झारखंड में कैसा सिस्टम बना कि एक हलका कर्मचारी अपने घर पर रखता है सरकारी दस्तावेज**



### झारखंड के अफसरों के कारनामे भी कम चर्चित नहीं हैं

ये कुछ कहानियां हैं, जिनके कारण झारखंड को दुनिया भर में उसकी खनिज संपदा के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता है। ऐसा नहीं है कि केवल यही घटनाएं झारखंड की बदनामी का कारण बनीं। झारखंड के डीजीपी रहे एक आइपीएस ने सरकारी दस्तावेज में गड़बड़ी कर जमीन कब्जा पर कर लिया और उस पर बाकायदा पुलिस कॉलोनी बना दी गयी। जांच के आदेश हुए, जमीन भी गड़बड़ मिली, लेकिन फाइल धुल फांक रही है। एक महिला आइएएस अधिकारी के कारोबारी पति ने भुइंहरी जमीन पर आलीशान अस्पताल बना लिया। इस अधिकारी के सीए के घर से 19 करोड़ रुपये नगद बरामद किये गये। झारखंड के अधिकारियों को जमीन खरीदने का नशा है, इसलिए उन्होंने रांची के एक प्रखंड का एक पूरा मौजा ही सरकारी नक्शे से गायब कर दिया। झारखंड का एक इंजीनियर सरकारी अधिकारियों का निवेश मैनेज करता है, तो सत्ता के एक दलाल के घर में बैठ कर एक आइएएस अधिकारी फाइलें निबटाते देखे जाते हैं।

### नयी नहीं है झारखंड में भ्रष्टाचार की कहानी

झारखंड में भ्रष्टाचार की कहानी नयी नहीं है, लेकिन इसके बेलगाम होने का सिलसिला उदारीकरण के बाद शुरू हुआ। लोग कह रहे हैं कि इस काली होती तस्वीर को बदलने का वक्त अब आ गया है। लोग मान चुके हैं कि भ्रष्टाचार का यह दानव अब पूरे राज्य को अपने कब्जे में ले चुका है। इसे काबू में करना किसी सरकार या अदालत के वश की बात नहीं है, बल्कि इसके लिए सामाजिक रीति तैयार करनी होगी। भ्रष्टाचार और घूसखोरी को हम चाहे कितना भी कोस लें, यह हकीकत है कि आज यह हमारे सिस्टम का अंग बन गया है। इस अंग को हर हाल में काट कर अलग करना ही होगा। एक तरफ हम विश्व गुरु बनने का सपना देख रहे हैं, तो दूसरी तरफ झारखंड के भ्रष्ट नौकरशाह हैं, जो 130 करोड़ लोगों के इस सपने को इस सड़ांध में डुबोने के लिए तैयार बैठे दिखायी देते हैं।

तो फिर इसका विकल्प क्या है। यह एक सवाल है, जो झारखंड को मथ रहा है। क्या अब भ्रष्टाचार के दूसरे किरदारों की पहचान सामने आयेगी या यह कारवां रुक जायेगा। फिलहाल ऐसा तो दिख नहीं रहा। अभी तो शुरुआत हुई है। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जिस तरह से जांच शुरू की है, इसकी आंच झारखंड के कई भ्रष्ट अधिकारियों को अपने लपेटे में लेगी। पूजा सिंघल, राजीव अरुण एक्का, रामनिवास यादव के बाद छवि रंजन के खिलाफ कार्रवाई के बाद कई और नौकरशाहों के नाम चर्चा में हैं। इस चर्चा की पुख्ता वजह भी है। ये अधिकारी जब जिला या विभाग में महत्वपूर्ण पदों पर रहे, तो भ्रष्टाचार का आरोप लगता रहा। किसी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई, तो किसी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई चली या फिर चल रही है। कुछ ऐसे अधिकारी भी हैं, जिनके खिलाफ जांच के लिए फाइल ही आगे नहीं बढ़ी। अभी भी वह सरकार के स्तर पर लंबित है।

### आदेश हुआ, पर जांच शुरू नहीं हुई

हकीकत यह है कि राज्य के कई वरिष्ठ अधिकारी आरोपों से घिरे हैं। कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के आरोप की फाइल धूल फांक रही है। सरकार ने जांच की मंजूरी ही नहीं दी। न ही आरोपों को निरस्त किया गया और न ही सरकार ने जांच के लिए अनुमति दी। नतीजतन, आरोप फाइलों में दम तोड़ रहे हैं। इनमें से कई अधिकारी अब भी महत्वपूर्ण पदों पर हैं। सूत्रों की मानें तो ऐसे अधिकारी अपने रसूख से हर स्तर पर मामले को फिट कर लेते हैं, जिससे जांच तक की अनुमति नहीं मिल पाती है। आखिर फाइल को तो उन्हें ही आगे बढ़ाना है और वे उसे बढ़ाते ही नहीं।

### सबसे अधिक फला-फूला है जमीन का कारोबार

यह सही है कि भारत के लोग जमीन को मान-मर्यादा और परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ा मानते हैं। इसलिए यहां जमीन के कारण अकसर खून-खराबे की खबरें भी आती हैं। भारतीय समाज का शायद ही कोई ऐसा वर्ग होगा, जिसमें जमीन हासिल करने की आकांक्षा नहीं होगी। झारखंड जैसे राज्य में जमीन का महत्व और बढ़ जाता है, जहां आदिवासी-गैर-आदिवासी का कानूनी पेंच सामने रहता है। 23 साल पहले जब बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य बना, यहां जमीन का कारोबार बहुत तेजी से फैला। काली कमाई को जमीन में निवेश किया जाने लगा और इस कारण कीमत भी मनमाने ढंग से बढ़ी।

रीयल इस्टेट का कारोबार बढ़ा, तो इसमें समाज का प्रभावशाली वर्ग भी रुचि लेने लगा। बड़े व्यवसायियों और उद्योगपतियों के साथ अधिकारियों में जमीन-मकान खरीदने की होड़ मच गयी। देखते ही देखते झारखंड के हर बड़े शहर में बड़े पैमाने पर जमीन की खरीद-बिक्री होने लगी। इस क्रम में सरकारी जमीन भी बेची गयी और वन भूमि भी। खास महाल और गैर-मजरुआ जमीन को दस्तावेज में हेराफेरी कर बिना किसी रोक-टोक के बेच दिया गया। रांची से लेकर देवघर, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, दुमका और गोड्डा तक में जमीन का कारोबार परवान चढ़ने लगा। जब किसी सौदे पर कोई कानूनी अड़चन आती, कारोबारी संबंधित अधिकारी से संपर्क करता और उसकी मदद से सौदे को पूरा कर लेता। बदले में उस अधिकारी को या तो जमीन मिलती या फ्लैट। राजधानी रांची की कई आवासीय कॉलोनियों में इस तरह की लेन-देन खूब हुई है। कांके के चामा में पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत से गैर-मजरुआ जमीन पर कब्जा कर लिया गया। राज्य के पूर्व डीजीपी और कई अन्य पुलिस अधिकारियों तथा अन्य प्रभावशाली लोगों ने इस जमीन को गलत तरीके से खरीदा और फिर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सरकारी दस्तावेज में हेराफेरी कर अपने नाम करा लिया। इतना ही नहीं, वहां आलीशान मकान भी खड़े हो गये। इसी तरह राज्य की एक महिला आइएएस अधिकारी ने बीच राजधानी में सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया और उस पर उनके पति का अस्पताल खड़ा हो गया। झारखंड के साथ यह विडंबना रही है कि यहां के हुक्मरान, कार्यपालिका और विधायिका से जुड़े लोग और आम जनता को पता है कि गड़बड़ी हुई है या हो रही है, लेकिन कहीं कोई सुगबुगाहट नहीं दिखती। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप खूब होते हैं। नेताओं पर खूब निशाना साधा जाता है, लेकिन कभी कोई दल भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ धावा नहीं बोलता। चुप्पी साध जाता है। चुनावी सभाओं में और दूसरे सार्वजनिक मंचों पर राजनीतिक दलों और नेताओं पर आरोप तो खूब लगाये जाते हैं, लेकिन जब किसी अधिकारी की कारस्तानी सामने आती है, तो सभी चुप लगा जाते हैं। उनके खिलाफ जांच की जहमत कोई नहीं उठाता। हाल के दिनों में भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों के खिलाफ जो एक्शन लिये गये हैं, जो सख्त कदम उठाये गये हैं, उनसे लोगों को बड़ी उम्मीद जगी है। झारखंड के लोग अब यह खुल कर स्वीकार करते हैं कि अब इस राज्य में लूट-खसोट का खेल नहीं चलेगा। राज्य को खोखला करनेवालों के दिन अब लद गये हैं। अब हर गड़बड़ी का इंसाफ होगा और हर काम का हिसाब लिया जायेगा।

# घर में डाका डालने के आरोप में मकान मालिक के बेटे और बहू हुए गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के झरियागादी के गरहाटांड़ गांव में सिविल कोर्ट और सदर अस्पताल कर्मी के घर महिला को बेहोश कर दस लाख की डकैती की घटना का गुरूवार को खुलासा हो गया। पुलिस ने इस घटना में संलिप्तता के संदेह में मकान मालिक दिलीप सिंह के बेटे अभिषेक सिंह उर्फ छोटू और उसकी पत्नी रुचि सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों पति-पत्नी ने ही घटना को अंजाम दिया और अपने आपको बचाने के लिए डकैती की कहानी गढ़ ली। बताया जाता है कि जब सदर एसडीपीओ अनिल सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर जांच कर रहे थे, तो इस दौरान ही स्थानीय लोगों की ओर से उन्हें जानकारी मिली कि संदेहास्पद स्थिति में एक महिला को घर के बगल में एक चारदीवारी में झाड़ियों में कुछ सामान फेंकते हुए देखा गया। इस जानकारी के आधार पर मौके पर ही तलाशी के दौरान पुलिस टीम को एक पोटली में चांदी के कुछ जेवर पड़े मिले। उसके बाद ही एसडीपीओ ने संदेह के आधार पर मकान मालिक के बेटे अभिषेक सिंह और उसकी पत्नी रुचि को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान ही पुलिस को 19 हजार रुपये नकद समेत एटीएम कार्ड और कई जेवर से भरा एक बैग घर के बगल में ही दूसरे हिस्से से बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान ही पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि घटना को अंजाम देने के बाद दोनों पति-पत्नी पश्चिम बंगाल के आसनसोल भागने की तैयारी में थे। लेकिन इसके पूर्व ही मामले का खुलासा हो गया और दोनों पुलिस की गिरफ्त में आ गये। मामले की जांच के दौरान पुलिस को इस मामले को लेकर शक तब और गहरा गया, जब उन्हें बताया गया कि घटना के समय घर की छत पर आरोपित अभिषेक सोया हुआ था। इस दौरान सात अपराधी घर में घुसे और रुचि को नशीला पदार्थ सुंघा कर बेहोश कर घर के दो कमरे में लूटपाट कर फरार हो गये। रुचि के इस बयान पर पुलिस उसका मेडिकल जांच कराने की प्रक्रिया में जुटी हुई थी कि मामले का खुलासा हो गया। दोनों आरोपितों को मुफस्सिल थाना पुलिस गिरफ्तार कर थाने ले गयी है।

# जंगल से पांच-पांच किलो के दो आइइडी बम बरामद, पशु की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरु जंगल से सुरक्षा बलों ने पांच-पांच किलो के दो आइइडी बम बरामद किये हैं। चाइबासा पुलिस और सीआरपीएफ 60वीं बटालियन की बीडीडीएस टीम ने इसे डिफ्यूज कर दिया। एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ते के सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील होने की सूचना मिली थी। इसी आधार पर पुलिस और सुरक्षा बल संयुक्त रूप से लगातार अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को गोइलकेरा के हाथीबुरू जंगल के आस-पास में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से आइइडी विस्फोट लगाया गया था, जिसकी चपेट में आने से एक पशु की मौत हो गयी। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के जवानों ने पांच-पांच किलो के दो आइइडी बरामद किये। पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने इलाके में नक्सलियों की तलाशी अभियान चलाया है।

## देवघर के निर्माणाधीन एम्स में लगी भीषण आग

# स्वास्थ्य मंत्री ने दिये जांच के आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** जिला में निर्माणाधीन एम्स में गुरुवार को भीषण आग लग गयी। इससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। अस्पताल में मौजूद सभी लोग जान बचा कर बाहर निकल आये। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बतायी जा रही है। देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि देवघर एम्स की मुख्य बिल्डिंग के पोर्टिको के बाद वाले भाग में आग लगने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई भी जानमाल की क्षति नहीं हुई। शुरूआती जांच में पाया गया कि आग वेल्डिंग के दौरान वेस्ट मैटेरियल में लगी थी, जिसे पूर्ण रूप से फायर ब्रिगेड की टीम ने बुझा दिया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने देवघर एम्स में आग लगने की खबर पर संज्ञान लिया है। उन्होंने एम्स डायरेक्टर से फोन पर बात कर हादसे की जानकारी ली। डायरेक्टर ने स्थिति नियंत्रण में बतायी है। मंत्री ने घटना की जांच के आदेश दिये हैं।



# नक्सलियों ने की है 14-15 अप्रैल को दक्षिणी बिहार और पश्चिमी झारखंड बंद की घोषणा, प्रशासन अलर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने 14 और 15 अप्रैल को दक्षिणी बिहार और पश्चिमी झारखंड बंद की घोषणा की है। इसको लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। नक्सलियों ने चेतावनी भी दी है कि बंद की उपेक्षा करनेवाले को जन अदालत लगा कर सजा दी जायेगी। हालांकि नक्सलियों ने बंद के दौरान आवश्यक चीजें प्रेस, दूध और एंबुलेंस को मुक्त रखा है। दरअसल, बीते दिनों झारखंड के चतरा जिला के लावालौंग थाना स्थित ग्रहे जंगल में हुई एक मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जाने के विरोध में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने दो दिन के बंद का आह्वान किया है। इस बंद को देखते हुए खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इस संबंध में झारखंड और बिहार पुलिस के अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। पत्र में बताया गया है कि झारखंड राज्य के सीमावर्ती जिले विशेषकर गया, औरंगाबाद, नवादा, जमुई, बांका मुख्य रूप से भाकपा माओवादी संगठन की गतिविधियों से प्रभावित है। इसके अलावा लखीसराय और मुंगेर में माओवादी की सक्रियता है। उग्रवादियों की गतिविधियों के कारण क्यूल-जमालपुर, क्यूल-जसीडीह, गैंड कोर्ड लाइन तथा जीटी रोड का क्षेत्र संवेदनशील बना हुआ है।

## 60: 40 के खिलाफ फिर आंदोलन करेंगे राज्य के युवा: 19 अप्रैल को झारखंड बंद

# सीएम हाउस घेराव से लेकर झारखंड बंद का स्टूडेंट्स यूनियन ने किया एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची 60:40 नियोजन नीति का विरोध और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर राज्य के युवा एक बार फिर आंदोलन करेंगे। आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। आंदोलन को झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन लीड करेगा। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन प्रमुख देवेंद्रनाथ महतो ने बताया कि इस तीन दिवसीय आंदोलन को आदिवासी छात्र संघ, आदिवासी सेंगेल अभियान, आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच, आदिवासी जन परिषद और झारखंड युवा मंच समर्थन दे रहा है।

### ऐसा होगा 72 घंटे का आंदोलन

गुरुवार को हुई बैठक में 72 घंटे के आंदोलन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। आंदोलन की तय रूपरेखा के मुताबिक 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा। वहीं 18 अप्रैल को बंद की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकाला जायेगा। 19 अप्रैल को झारखंड बंद किया जायेगा। इस दिन राज्य भर के युवा सड़क पर उतरेंगे और राज्य सरकार की पॉलिसी का विरोध करेंगे।

### हक के लिए लड़नी होगी लड़ाई

गुरुवार को आंदोलन की रूपरेखा की बाबत हुई बैठक के बाद छात्र नेताओं ने कहा कि हम न पक्ष पर भरोसा कर रहे हैं और न ही विपक्ष का भरोसा कर रहे हैं। दोनों ही पार्टियों की सरकार बनी, लेकिन ठगे गये केवल राज्य के युवा। छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि हम दलगत भावना से ऊपर उठ कर आंदोलन कर रहे हैं। हमारा आंदोलन ऐतिहासिक और निर्णायक होगा। उन्होंने कहा कि अब हक के लिए लड़ना ही होगा। हमारे आंदोलन को न केवल युवा, बल्कि राज्यभर के युवाओं के अभिभावकों का भी समर्थन मिल रहा है।

### पहले भी कर चुके आंदोलन

नियोजन नीति के विरोध को लेकर युवाओं ने पहले भी आंदोलन किया है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी आंदोलन किया था। इसके बाद बजट सत्र के दौरान भी आंदोलन किया। राज्य के युवाओं ने 23 मार्च को 60:40 नियोजन नीति का विरोध और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर विधानसभा का घेराव भी किया था। तब पुलिस प्रशासन की ओर से सख्ती बरतते हुए लाठीचार्ज और आंसू गैस भी छोड़ा गया था।

### क्यों आंदोलन करेंगे युवा

राज्य सरकार ने नियुक्ति के लिए जो नीति बनायी है, उसे स्टूडेंट्स राज्य हित में नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि अगर इस नीति के अनुसार नियुक्तियां हुई तो राज्य के युवाओं की नियुक्ति में सेंधमारी हो जायेगी। राज्य सरकार को ऐसी नियोजन नीति बनानी चाहिए जो यहां के युवाओं को नौकरी सुनिश्चित कर सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 38.2 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.09 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.31 बजे | |



## सात सूत्री मांगों को लेकर आजसू का न्याय मार्च

# सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सात सूत्री मांगों को लेकर आजसू ने गुरुवार को मोरहाबादी की बापू वाटिका से समाहरणालय तक न्याय मार्च निकाला। इस न्याय मार्च में आजसू के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। आजसू ने डीसी राहुल कुमार सिन्हा को अपनी सात सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सुदेश महतो ने झारखंड की वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार पर जम कर हल्ला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का कार्यकाल पूरा होने को है, लेकिन यह सरकार अपने वादों को पूरा करने में असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अपने साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में झारखंडी भावना, उम्मीद और जनादेश के साथ विश्वासघात किया है। जनता अब इन चीजों से ऊब चुकी है। सुदेश महतो ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने युवा, किसान, मजदूर, गरीब, बुजुर्ग सभी को ठगने का काम किया है। सरकार ने अपने कार्यकाल में न तो वैकेंसी निकाली, न ही भर्ती परीक्षा ली गयी। बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया, जबकि मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि सत्ता में आते ही पहले साल पांच लाख यवाओं को नौकरी देंगे। पदों पर नियुक्तियां नहीं हुईं। सरकारी अधिकारी केवल अपनी जेब भरने का काम कर रहे हैं। चारों तरफ खनिज संपदा की लूट मची हुई है। वहीं आजसू नेता देवशरण भगत ने कहा कि बड़े पैमाने पर संसाधनों की लूट और भ्रष्टाचार के कारण राज्य का विकास अवरुद्ध हो रहा है। अराजकता की वजह से राज्य की छवि लगातार खराब हो रही है। बता दें कि आजसू पार्टी अप्रैल माह को सामाजिक न्याय महीना के रूप में मना रही है। इसके तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं। आजसू के न्याय मार्च कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं। महानगर अध्यक्ष सीमा सिंह ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम रही है। इस सरकार के कार्यकाल में महिलाओं को न तो आरक्षण मिला और ना ही किसी भी प्रकार की सुविधा दी गयी। सीमा सिंह ने कहा कि आगामी चुनाव में आजसू पार्टी इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

### आजसू की सात सूत्री मांगें

खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति लागू करो, जातीय जनगणना और पिछड़ों को आबादी के अनुसार आरक्षण सुनिश्चित करो, पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थीं, उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करो, सरना धर्म कोड लागू करो, बेरोजगारों को रोजगार दो, झारखंड के संसाधनों की लूट बंद करो, झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान दो।

## जीआरडीए निदेशक पर्षद की समीक्षा बैठक

# विधायक आवास का निर्माण ससमय पूरा करें : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीआरडीए) के निदेशक पर्षद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एचइसी क्षेत्र में 45 एकड़ भूमि पर विधायकों के लिए बनाये जाने वाले आवास निर्माण से संबंधित जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गयी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीआरडीए) विधायकों के लिए बनाये जाने वाले आवासों में सीवरेज ड्रेनेज, सड़क एवं पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करें, ताकि ससमय आवास निर्माण कार्य को पूरा किया जा सके। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, वित्त सचिव अजय सिंह, सीएम के सचिव-सह-जीआरडीए निदेशक विनय चौबे, भवन निर्माण सचिव सुनील कुमार, जीएम जीआरडीए बीएन वर्मा, जीआरडीए प्रोजेक्ट मैनेजर एसके सिंह उपस्थित थे।

# बायोम इंस्टीट्यूट में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए बैच शुरू

**20 अप्रैल से शुरू होने वाले बैचों के लिए नामांकन जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बायोम इंस्टिट्यूट के न्यू नगड़ा टोली और हिनू स्थित सेंटर में गुरुवार को विभिन्न 15 नये बैच की शुरुआत हुई। 11वीं में प्रवेश कर रहे विद्यार्थी के लिए फाउंडेशन बैच, 12वीं प्रवेश कर रहे छात्रों के लिए फ्रेशर बैच और 12वीं पासआउट के लिए टार्गेट बैच शुरू कर दिया गया है। 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए संचालित बैच में विद्यार्थियों की संख्या 60 से 65 तय है। कक्षाएं ऑफलाइन मोड पर शुरू की गयी हैं। विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लास का भी लाभ दिया जायेगा। फिलहाल ऑनलाइन क्लास की सुविधा वैसे विद्यार्थियों को दी जा रही है, जो ईद तक संस्था पहुंचने में असमर्थ है। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि प्रेशर विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम बेसिक स्तर से शुरू किया जायेगा। 12वीं कक्षा से संस्था में जुड़ विद्यार्थियों को 11वीं के विभिन्न अध्याय का रिवीजन कराया जायेगा।

**20 अप्रैल से शुरू होगा नया बैच** : बायोम इंस्टीट्यूट में संचालित विभिन्न बैच से जुड़ने के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। अभिभावक और विद्यार्थी न्यू नगड़ा टोली एवं हिनू स्थित सेंटर से एडमिशन टेस्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं। एडमिशन टेस्ट प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और रविवार को आयोजित किया जा रहा है। एडमिशन टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति दी जायेगी। इसके बाद 20 अप्रैल से नये बैच की शुरुआत की जायेगी।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


# छवि रंजन ने बार-बार नितिन मदन कुलकर्णी के आदेशों की अनदेखी की

## बाबूलाल मरांडी का आरोप : रांची में 10 हजार करोड़ के जमीन घोटाले के मास्टरमाइंड हैं आइएएस छवि रंजन

सुमन श्रीवास्तव

**रांची।** छवि रंजन शुरू से ही विवादों में घिरे रहे हैं। पहली बार उनका कारनामा तब सामने आया, जब उन्होंने कोडरमा में डीसी रहते हुए उपायुक्त परिसर में अवस्थित कीमती पेड़ों को नियम विरुद्ध जाकर काट दिया। इस मामले में विधानसभा से लेकर बाहर तक खूब हंगामा हुआ। एफआइआर हुआ, जांच हुई, यह रिपोर्ट सामने आयी कि उन्होंने गलत तरीके से पेड़ कटवा दिये। रांची के उपायुक्त के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान छवि रंजन अकसर तत्कालीन प्रमंडलीय आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी से भिड़ जाते थे। जमीन रजिस्ट्री के कई मामलों में कुलकर्णी ने आपत्ति की थी, लेकिन छवि रंजन ने इन सभी आपत्तियों को नजरअंदाज कर दिया था। बता दें कि झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में छवि रंजन से जुड़े 22 स्थानों पर गुरुवार को इडी के छापे मुख्य रूप से संदिग्ध तरीकों से रांची में विभिन्न जमीन सौदों के सिलसिले में ही मारे गये हैं।

### क्या है सेना की जमीन का मामला

सूत्रों के मुताबिक नितिन मदन कुलकर्णी ने रांची में भारतीय सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन के फर्जी हस्तांतरण का मामला सबसे पहले पकड़ा था। उन्होंने नवंबर 2021 में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय महासचिव उपेंद्र कुमार द्वारा दर्ज शिकायत की जांच का आदेश दिया था। उप निदेशक (कल्याण) द्वारा की गयी जांच में कहा गया है कि विक्रेता प्रदीप बागची के पक्ष में उक्त भूमि के स्वामित्व का एक फर्जी दस्तावेज (पंजीकरण संख्या 4369/19932) बनाया गया था। उस फर्जी दस्तावेज में साल 1932 का जिक्र किया गया है। प्रदीप बागची ने दावा किया कि उनके पिता ने 1932 में उक्त जमीन रैयतों से खरीदी थी और उसकी रजिस्ट्री कोलकाता में हुई थी। उस नकली दस्तावेज की प्रति को कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय के भूमि अभिलेखों में शामिल करने के लिए भी कहा गया था, लेकिन जमीन भारतीय सेना के कब्जे में रही। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि जब जयंत कर्नाड ने 2019 में 13 अलग-अलग लोगों को जमीन बेची थी, तब सीओ ने खरीदार को जमीन के स्वामित्व के हस्तांतरण को इस आधार पर निष्पादित करने से इनकार कर दिया था कि जमीन पर उसका कब्जा है। खरीदार की दलील थी कि भारतीय सेना मालिक होकर भी विक्रेता नहीं है। इडी की जांच ने बाद में यह भी उजागर किया था कि छवि रंजन ने कैसे नकली दस्तावेजों के साथ रांची में सेना की 4.55 एकड़ जमीन दर्ज करने के लिए राजस्व अधिकारियों पर दबाव डाला। इसका पता तब चला, जब इडी ने कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और उनके सहयोगी विष्णु अग्रवाल के खिलाफ छापेमारी की थी।



### छवि रंजन के खिलाफ एक और आरोप

नितिन मदन कुलकर्णी ने छवि रंजन को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 7.16 एकड़ जमीन का बंदोबस्त करने का भी दोषी पाया। उस समय छवि रंजन रांची के डीसी थे। राज्य के एक प्रसिद्ध एथलीट नारायण साहू के परिवार के सदस्यों और चान्हो थाना क्षेत्र के सिलागाईं निवासी विनोद कुमार सिंह से जुड़े भूमि संबंधी मामलों में छवि रंजन द्वारा दिये गये आदेश की खामियों को उजागर किया था। छवि रंजन ने हेहल सर्किल में 7.16 एकड़ जमीन के म्यूटेशन के लिए हेहल के सीओ द्वारा खारिज विनोद कुमार सिंह के आवेदन को मंजूर कर लिया था, जबकि सीओ के 2016 के आदेश को चुनौती देनेवाली पुनरीक्षण याचिका को डीसीएलआर ने भी खारिज कर दिया था।

कुलकर्णी ने अपनी रिपोर्ट मुख्य सचिव और भूमि और राजस्व विभाग को भेजी, जिसमें कहा गया है कि 2011 बैच के आइएएस छवि रंजन ने इस साल जनवरी में एक नकली एग्रीमेंट और ग्राम सभा के कार्यवृत्त के आधार पर विनोद कुमार सिंह के पक्ष में हेहल में 7.16 एकड़ जमीन की जमाबंदी खोलने का आदेश दिया था। कुलकर्णी ने देखा कि सीओ द्वारा म्यूटेशन के आवेदन को खारिज करने के दो साल बाद एग्रीमेंट तैयार किया गया था। आदेश में यह स्पष्ट नहीं है कि सीओ द्वारा नामांतरण के आवेदन को खारिज करने के बाद किसने एग्रीमेंट तैयार करने का आदेश दिया और शहरी क्षेत्र में ग्राम सभा कैसे सक्रिय है। आयुक्त ने कहा कि हालांकि पुनरीक्षण के दौरान नया तथ्य पेश करना गलत है, लेकिन उपायुक्त ने फर्जी दस्तावेज से आये नये तथ्य को न केवल स्वीकार किया, बल्कि उस आधार पर आदेश भी पारित कर दिया।

रिपोर्ट बताती है कि छवि रंजन ने ऐसा करके इस साल मार्च में जमशेदपुर के दो निवासी रवि कुमार भाटिया और श्याम सिंह को 15.10 करोड़ रुपये में जमीन की बिक्री का मार्ग प्रशस्त किया, जिसकी कीमत सरकार के अनुसार 29.88 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट बताती है कि जब इस मामले की सुनवाई छवि रंजन के पूर्ववर्ती और 2011 बैच के आइएएस राय महिमापत राय कर रहे थे, तो जुलाई 2019 में उन्होंने आदेश पत्र में उल्लेख किया था कि विपरीत पक्षों की ओर से भी बिनोद कुमार सिंह के खिलाफ फर्जी डीड बनाने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गयी है और वह जमीन हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि छवि रंजन ने फर्जी एग्रीमेंट की मदद से न केवल कम कीमत पर जमीन की बिक्री का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि पूरी प्रशासनिक सुरक्षा में क्रेता को चहारदीवारी बनाने में भी मदद की। कुलकर्णी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि मामले की जांच के दौरान डीसी ने उचित मदद नहीं की और सवालों का जवाब नहीं दिया।

### विवादों से रहा है पुराना नाता

जमशेदपुर में पैदा हुए और अपने गृह राज्य की सेवा करने का अवसर प्राप्त करने वाले छवि रंजन अपने 12 वर्षों के कार्यकाल के अधिकांश समय विवादों में रहे हैं। 2015 में जब वह कोडरमा के डीसी थे, तब उनके सरकारी आवास पर कथित रूप से छह पेड़ों को काटने के लिए उन्हें जांच का सामना करना पड़ा। मरकच्चो थाने में प्राथमिकी (18/2015) दर्ज की गयी और मामले को निगरानी ब्यूरो को स्थानांतरित कर दिया गया। उनके करियर में इस कलंक के बावजूद उन्हें उपायुक्त के रूप में रांची स्थानांतरित कर दिया गया। वह सबसे पहले मुख्यमंत्री के नाम पर पत्थर की खदानों को लीज पर देने को लेकर विवादों में आये थे।

### हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस ने की थी आपत्ति

बता दें कि पत्थर की खदानों को पट्टे पर देने से जुड़ी जनहित याचिका में दायर उनके हलफनामे पर झारखंड उच्च न्यायालय ने कड़ी आपत्ति जतायी थी। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने सरकार से कहा था कि आपने राज्य की ओर से शपथ लेने के लिए उस अभियुक्त को चुना है, जिसे भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1) (डी) के तहत एक आपराधिक मामले में चार्जशीट किया गया है और जिसका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया था। उन्होंने कहा था कि छवि रंजन राज्य के लिए सक्षम हो सकते हैं, लेकिन अदालत के लिए नहीं। आप उन्हें सचिव बना सकते हैं। आप उन्हें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का सचिव बना दीजिए। आप यह सब कर सकते हैं। लेकिन कोई आरोपी राज्य की ओर से हलफनामा कैसे दाखिल कर सकता है?

### बाबूलाल मरांडी ने लगाया आरोप

इस बीच भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में हाल के दिनों में पहले पूजा सिंघल और अब 2011 बैच के अधिकारी छवि रंजन के खिलाफ इडी की कार्रवाई यह उजागर करेगी कि कैसे उन्होंने संपत्ति बनाने के लिए नियमों को तोड़ दिया। मरांडी ने कहा कि 10 हजार करोड़ रुपये के जमीन घोटाले को लेकर रांची में जिनके घर की तलाशी भी ली जा रही है, उनमें वीरेंद्र साहू भी हैं। उन्होंने साहू पर छवि रंजन और कुछ अन्य अधिकारियों के साथ-साथ जबरन वसूली और गबन का आरोप लगाया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — सेहत अच्छी रहेगी। आर्थिक लाभ। संतानपक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। इच्छित कार्य में सफलता।
- **वृष** — कानूनी उलझनों से छुटकारा। रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति। विशिष्टजनों से संपर्क होगा।
- **मिथुन** — कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। परिश्रम-प्रयत्न से उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।
- **कर्क** — कार्य की अधिकता। रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।
- **सिंह** — जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा। राजकीय उलझनें दूर होंगी।
- **कन्या** — राजनीतिक लाभ। अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे। मानसिक परेशानियों में कमी।
- **तुला** — धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे। गृह-भूमि-वाहन का सुख। आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।
- **वृश्चिक** — सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी। चल-अचल सम्पत्ति से लाभ होगा।
- **धनु** — सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे। उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।
- **मकर** — व्यावसायिक स्थिति में मजबूती बढ़ेगी। शत्रु पराभूत होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।
- **कुंभ** — प्रेम प्रसंग में सफलता। विरोधियों पर विजय। जीवन मे खुशहाली आयेगी।
- **मीन** — परिस्थिति में सुधार। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता। धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

## होटवार के प्रधान लिपिक का निधन



रांची (आजाद सिपाही)। महाप्रबंधक दुग्ध आपूर्ति सह गण्य प्रक्षेत्र होटवार रांची के प्रधान लिपिक वीरेंद्र भगत का निधन हो गया। वीरेंद्र कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्हें हृदय रोग की बीमारी थी। सांस लेने में तकलीफ होने के कारण रांची स्थित राज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान मंगलवार रात 9 बजे उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और तीन बेटी छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव नरौली लोहरदगा में किया गया।

# दाहू यादव की याचिका पर हाइकोर्ट में आदेश सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले से जुड़े पंकज मिश्रा के सहयोगी राजेश यादव उर्फ दाहू यादव की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गयी। अब मामले में कोर्ट अपना आदेश सुनायेगी। दाहू यादव और अन्य के खिलाफ इडी ने ईसीआई0आर 4/2022 दर्ज किया है।

दरअसल, दाहू यादव ने इडी कोर्ट द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट और कुर्की करने के लिए जारी वारंट को हाइकोर्ट में चुनौती दी है। इडी कोर्ट ने 30 अप्रैल को दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया है। कई बार समन के बाद भी दोनों इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे, जिसके बाद सबसे पहले उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया, फिर इश्तेहार की कार्रवाई हुई और बाद में उनकी संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया गया है। दाहू यादव पहली बार 18 जुलाई 2022 को इडी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर हुआ था। बाद में इडी पंकज मिश्रा और उसे आमने-सामने बैठा कर पूछताछ करना चाहती थी। इसके लिए उसे समन किया गया था। लेकिन दाहू यादव इडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ था। दाहू के बेटे राहुल और पिता पशुपति यादव के खिलाफ भी इडी ने गैर जमानती वारंट लिया है। इडी ने इन्हें भी पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

### सरला बिरला स्कूल में अंबेडकर जयंती, बैसाखी, बिहू और पोइला बैसाख पर कार्यक्रम

# जालियांवाला बाग नरसंहार के दौरान निर्दोष लोगों के बलिदान को छात्रों ने याद किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में गुरुवार को बच्चों ने अंबेडकर जयंती, बैसाखी, बिहू और पोइला बैसाख बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया। छात्रों ने जालियांवाला बाग नरसंहार के दौरान निर्दोष लोगों के बलिदान को भी याद किया। साथ ही भारतीय संविधान के निर्माता डॉ बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की शुरूआत प्रस्तावना वाचन से हुई, जो कि भारतीय संविधान का सार है। छात्रों ने बैसाखी की फसल कटाई के उत्सव की जीवंत प्रस्तुति एक लघु नाटिका द्वारा की। यह समस्त कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष की थीम पर आधारित था। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और फसल उत्सव के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने माता-पिता, छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और रचनात्मक प्रदर्शन के लिए उनके प्रयासों की सराहना की और समारोह के लिए बधाई दी।

# झारखंड के सात जिलों में पारा 40 के पार पहुंचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सात जिलों में अधिकतम तापमान 40 तक पहुंच गया है। अभी गर्मी और बढ़ेगी, पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में तापमान अभी और बढ़ने की संभावना है। धीरे-धीरे राज्य के कई हिस्सों में लू और गर्म हवाएं तेज होने लगी हैं। अब लोगों के लिए दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है। कई जिलों में लू चलनी शुरू हो गयी है।



मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि अप्रैल महीने में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। रांची के तापमान में भी लगातार बढ़त दर्ज की जा रही है। अगले पांच दिनों में राज्य का तापमान 42.0 के पार जा सकता है। इसी तापमान में बढ़त होगी, लेकिन दस दिनों तक तापमान के नीचे आने की संभावना नहीं है। जाहिर है आनेवाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। हालांकि बीच में बादल घिरने की संभावना है, लेकिन बारिश की संभावना जाहिर नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार अभी किसी भी तरह की राहत की संभावना नहीं है।

## विद्यालयों का समय सुबह 7 से 11 बजे तक किया जाये : एस अली

रांची (आजाद सिपाही)। बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप होने के बाद भी आदर्श दिनचर्या के नाम पर स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राज्य के विद्यालयों के संचालन का समय सुबह 7 बजे से 1 बजे करने के निर्णय की झारखंड छात्र संघ ने निंदा की है। संघ ने इसे छात्र विरोधी बताया है। संघ के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों में गर्मी बढ़ने के कारण- छात्रों के बेहोश होने, चक्कर आने, नाक से खून बहने, उलटी करने और पेट दर्द की घटनाएं आये दिन घट रही हैं, जिससे छात्रों के अभिभावक भी परेशान हैं और बढ़ती गर्मी को देखते हुए वे अपने बच्चों को विद्यालय भेजना नहीं चाह रहे हैं। बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप के कारण छात्रों को लू लगने और डीहाइड्रेशन होने की भी संभावना है। इसे लेकर झारखंड छात्र संघ ने सभी प्रकार के विद्यालयों का संचालन सुबहा 7 बजे से 11 बजे तक करने के लिए स्कूली शिक्षा औरसाक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार के नाम मांग पत्र दिया है। इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, मुख्य सचिव, सचिव झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग, अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग को भी दिया गया है।

# झारखंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 24 नये मरीज मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 24 नये मरीज सामने आये हैं। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 124 हो गयी है। दो मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। आंकड़ों में मरीजों के ठीक होने की तुलना में संक्रमितों की तुलना हर रोज बढ़ रही है। राज्य में 197 दिनों बाद ऐसा हुआ है, जब एक्टिव मरीजों की संख्या सौ के आंकड़े को पार कर रही है। 27 सितंबर को राज्य में सौ से अधिक कोरोना संक्रमित मरीज थे। फिलहाल, रांची समेत राज्य के 14 जिले कोरोना की चपेट में हैं। रांची में पॉजीटिविटी दर 0.08 फीसदी है। रांची में 10 नये कोरोना संक्रमित मिले हैं। इन 10 के साथ सिर्फ रांची में कोरोना संक्रमितों की संख्या अब 48 पहुंच गयी है। झारखंड में संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है।



विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि 27 मार्च को विभिन्न जगहों से एकत्रित 12 सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गये हैं। रिम्स में 43 और सैंपल जमा हैं, जैसे ही और सैंपल पहुंचेंगे, इनका जीनोम सीक्वेंसिंग कराया जायेगा। राज्य में बढ़ते संक्रमण ने स्वास्थ्य विभाग को एक बार फिर अलर्ट मोड पर ला दिया है। राज्य में आपात स्थिति से निपटने के लिए क्या व्यवस्था है, इसे लेकर विभाग अलर्ट है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में गत दिनों राज्य के सभी सीएस और डीसी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई थी। इस दौरान एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर कोविड टेस्ट करने का निर्देश दिया गया था। ऐसे आठ राज्यों का चयन किया गया है, जहां से आनेवाले मरीजों के लिए टेस्ट अनिवार्य होगा।

### किन जिलों में कितने मरीज

चतरा- 01, देवघर-13, दुमका-02, पूर्वी सिंहभूम-15, गढ़वा-01, गुमला - 01, हजारीबाग-03, खूंटी- 01, कोडरमा-05, लातेहार -03, लोहरदगा-12, रामगढ़- 02, रांची-48, प. सिंहभूम- 02 मरीज हैं।

### शिबू सोरेन लोकपाल मामला

# दिल्ली हाइकोर्ट में अब 22 मई को होगी सुनवाई



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में दिल्ली हाइकोर्ट अब 22 मई को सुनवाई करेगा। गुरुवार को इस मामले में दिल्ली हाइकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई, जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 मई की तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने डीए (आय से अधिक संपति) मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआइ को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है।

# राहुल को सच बोलने की सजा मिली है: सुबोधकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चोर की कोई जात नहीं होती है। चोर तो चोर होता है। जिसके बारे में यह बात कही गयी थी, वह तो कोर्ट में एप्लिकेंट तक नहीं है। राहुल गांधी को सच बोलने और अडाणी के साथ प्रधानमंत्री के रिश्ते को सार्वजनिक करने की सजा मिली है। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भी अंग्रेजों के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन किया था। आज केंद्र सरकार की मार पराकाष्ठा पर है। आज संसद में भी बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है। पहली बार ऐसा देखने को मिला, जब सत्ता पक्ष के द्वारा लोकसभा और राज्यसभा को नहीं चलने दिया गया। इस राज्य में 12 हजार उद्योग बंद हो गये। स्पेशल इकोनॉमिक जोन की मांग हम कर रहे थे, लेकिन पोर्ट से लेकर एयरपोर्ट और कोयला खदान तक एक ही व्यक्ति को दिया गया। इन्हीं मुद्दों को लेकर जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 16 अप्रैल 2023 को पुराना



विधानसभा मैदान, धुर्वा में कार्यक्रम का समापन होगा। कांग्रेस प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस सड़क से सदन तक केंद्र सरकार की नीति के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। 13 दिन तक प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष लगातार जय भारत सत्याग्रह के कार्यक्रम में जुड़े रहेंगे। संविधान के साथ केंद्र सरकार खिलवाड़ कर रही है। इस समापन समारोह में 18 प्रखंड से लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस समापन कार्यक्रम में पंचायत स्तर तक के कांग्रेस पदाधिकारी और आम जनता शामिल होंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलखो, ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## आजसू ने रामगढ़ में सात सूत्री मांगों को लेकर निकाला सामाजिक न्याय मार्च

# बैरिकेडिंग तोड़ आगे बढ़े कार्यकर्ता, पुलिस ने रोका





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में कोठार ओवर ब्रिज से उपायुक्त कार्यालय तक न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च में ज़िले से सैकड़ो आजसू पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी , रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज महतो थे। कोठार ओवरब्रिज से निकला न्याय यात्रा, डीसी कार्यालय के पास पुलिस ने रोका, तनातनी आजसू कार्यकताओं ने कोठार ओवरब्रिज से न्याय यात्रा निकाला। कार्यकर्ता झंडे बैनर के साथ कोर्ट परिषर के निकट बिरसा मुंडा मोड़ के पहुंचा। जहां पुलिस ने पहले ही बैरेटिंग कर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर रखा था। ताकि कार्यकर्ता आगे नहीं बढ़ सके। लेकिन आजसू कार्यकर्ताओं ने बैरेटिंग को हटाकर आगे बढ़ गये। जिसके बाद पुलिस ने सभी को आगे जाने से रोका। जिसके कारण पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तनातनी भी हुयी। हालांकि बाद में कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर आगे जाने से रोका गया।

**विधायक की अगुआई में डिडीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल**

कार्यकर्ताओं और पुलिस के साथ नोकझोंक के बाद विधायक सुनीता चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डिडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा से मिलकर सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। विधायक ने डिडीसी से मांग पत्र पर सकारात्मक पहल करने की मांग की है।

**न्याय यात्रा से पहले हुआ सभा का आयोजन, हेमंत सरकार पर बरसी विधायक**

न्याय यात्रा से पहले कोठार ओवरब्रिज के निकट सभा का आयोजना किया गया। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी व संचालन रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार अपनी चुनावी वादों से मुकर कर राज्य के युवाओं को धोखा दिया है। राज्य के आमजनमानस के साथ छलावा किया है। इसका हिसाब राज्य की जनता विधानसभा चुनाव 2024 में लेगी। इस सरकार को उखाड़ फेकेंगी। क्या है मांगे : आजसू पार्टी ने जिस मांग के लिए पूरे राज्य में न्याय यात्रा निकाली है। उसमें खतियान आधारित नियोजन नीति, सरना धर्म कोड लागू करना, जातीय जनगणना करवाना, आंदोलनकारियों को उचित सम्मान देना, पूर्व मे शामिल शामिल अनुसूचित जनजाति को पूनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करना, बेरोजगारों को रोजगार देना, संसाधनों की लूट बंद करना आदि शामिल है।

**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक : 13.04.2023

निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 7

विषय :– सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 27.04.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.

विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 27.04.2023 से स्थगित कर के 30.05.2023 (मंगलवार) कर दी गई है।

भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001
ईमेल–drsm@rb.railnet.gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव
1112/2023
G20

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**शपथ-पत्र**

शपथ पत्र संख्या 822 दिनांक 12 अप्रैल 2023 के अनुसार मैं, दीपक कुमार पांडेय, पिता-श्री दीनानाथ पांडेय, निवास स्थान ग्राम कसियाडीह, पोस्ट-हफुआ, थाना-चतरा, जिला-चतरा झारखंड पिन-825401 हैं। जो कि मेरे सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जिसे बदल कर एच.वी. रोड फ्लैट न. 204 मिरा टावर सकेंड फ्लोर शांतमन नगर इमाम कोठी, कोकर, रांची (झारखंड) पिन- 834009 करवाना चाहता हूं। मैं एस.एस.वी. 26वीं वाहिनी में आरक्षी (स.) के पद पर कार्यरत हूं।




## भीमराव आंबेडकर को शत्-शत् नमन




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



**सी. पी. राधाकृष्णन**
राज्यपाल, झारखण्ड



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**संदेश**

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा के द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 14 से 20 अप्रैल, 2023 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का विषय-वस्तु (Theme) "Awareness in Fire Safety for Growth of National Infrastructure (AGNI)" अर्थात "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता" रखा गया है।

अग्निकांड एक भयावह प्राकृतिक आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है एवं इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जन सेवा में अपने प्राणों की आहुति देनेवाले अग्निशमन सेवा के बहादुर पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

**जोहार!**

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक पूरे राज्य में "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि आग की विभीषिका के प्रति वे सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Awareness in Fire Safety for Growth of National Infrastructure (AGNI)" "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता" रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परतापूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

**जोहार!**

P.R, 295105 (Jharkhand Fire Service) 23-24

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड सरकार



### सीएम की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ रांची के निदेशक पर्षद की हुई बैठक

# मुख्यमंत्री ने दिया डेटाबेस तैयार करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में वनोपज आधारित उत्पादों का वैल्यू एडिशन कर जीविका का महत्वपूर्ण स्रोत बनाया जा सकता है। ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित एवं संग्रहित उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराने पर बल दें। सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड राज्य में कृषि एवं वनोपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी, फल, इमली, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, लाह, महुआ, करंज, रेशम सहित अन्य का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण तथा क्रय-विक्रय के लिए मार्केटिंग की कारगर व्यवस्था तैयार करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी तथा वन क्षेत्र की भूमि पर कौन से वनोपज का कितना वृक्ष है, तथा उन वृक्षों के उत्पादों का उपयोग किस समूह द्वारा किया जा रहा है। इसका डेटाबेस तैयार करें। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में आयोजित सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि. रांची के निदेशक पर्षद की द्वितीय बैठक में अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहीं। बैठक में सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि. के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य के 12 जिलों में लाह प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही राज्य में मेडिसिन प्लांट जैसे चिरईता, जामुन, अश्वगंधा, आंवला इत्यादि को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रथम फेज में रांची, गुमला तथा दुमका जिला में वनोत्पाद तथा कृषि उपज हब का निर्माण किया जा रहा है, इसके अंतर्गत संग्रहण तथा प्रोसेसिंग की कार्रवाई की जायेगी।

## लैंप्स/पैक्स के लेवल पर लोगों का किया जा रहा है क्षमतावर्द्धन

बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि लैंप्स/पैक्स के लेवल पर ग्रामीण लोगों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस वर्ष के अंत तक राज्य में 30 हजार लोगों का क्षमतावर्द्धन किये जाने का लक्ष्य है जिसे पूरा कर लिया जायेगा। राज्य के ए ग्रेड वाले लैंप्स/पैक्स की संख्या को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि. निरंतर जिला संघ के साथ बैठक आयोजित कर कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है साथ ही साथ सर्वे का कार्य भी प्रारंभ है। बैठक में सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि. के चयनित लोगा की स्वीकृति भी दी गई। बैठक में कृषि मंत्री बादल, अपर मुख्य सचिव एल. ख्यानग्ते, प्रधान सचिव मुख्यमंत्री वंदना डाडेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव के.श्रीनिवासन, सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि. के सीइओ संजीव कुमार, सचिव जयप्रकाश शर्मा तथा झास्कोलैंप, झामकोफेड एवं वेजफेड तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम में गुरुवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ दिनेश कुमार, डॉ अटल पांडेय, डॉ मालवी विश्वकर्मा, अनिमा मिंज, डॉ सुनीता मिश्रा ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। डॉ दिनेश कुमार ने छात्रों को सामाजिक समरसता के साथ एकजुट होकर रहने को कहा। मौके पर ग्रामीण विकास के प्राध्यापक डॉ अटल पांडेय ने कहा कि समाज को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त प्रमुख हथियार संविधान है। इसके दम पर समाज के हर वर्ग के लोग अपने हक और अधिकार के लिए मुखर हो रहे हैं। डॉ भीमराव अंबेडकर ने कई सारी सामाजिक कुरीतियों का अपने जीवन काल में सामना किया और मानवीय मूल्यों को समझा, उनके दुख और तकलीफ को ध्यान में रख कर, प्रखर रूप से विरोध भी किया। आज उनकी देन है कि समाज के कमजोर वर्ग के लोग चाहे वे आर्थिक रूप कमजोर हों या जातिगत रूप से कमजोर हों, वह अपने हक और अधिकार के लिए मुखर हो रहे हैं।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाल संसद का गठन



**रांची (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची जूनियर और सीनियर विंग में सत्र 2022-2023 के लिए नये बाल संसद के लिए शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा दसवीं के छात्रों के द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय संविधान में उनके विशिष्ट योगदान के ऊपर प्रकाश डालते हुए की गयी। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने बाल संसद के नव चयनित छात्र-छात्राओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी तथा बैज और सैशे प्रदान किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने बाल संसद की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें विद्यालय की गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान भी किया। विद्यालय के प्राचार्य राज किशोर शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में नेतृत्व विकास, संप्रेषण कला और कर्तव्य निर्वहन इत्यादि गुणों का विकास करने के लिए बाल संसद एक बहुत ही उपयोगी मंच है। इसका समुचित उपयोग व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। वहीं उप प्राचार्य के आर झा ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाल संसद गठन की प्रक्रिया और चुनाव एक ऐसा अवसर है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपने जीवन में त्वरित और उचित निर्णय लेने और समाज तथा परिवार के लिए समर्पण की भावना को सीखते हैं। जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को आवश्यक रूप से भाग लेकर व्यक्ति और समाज के लिए आगे आकर मुख्य भूमिका निभानी चाहिए।

## अंबेडकर जयंती को लेकर कांग्रेस कार्यालय में बैठक



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती और जय भारत सत्याग्रह को लेकर कांग्रेस कार्यालय में एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति के चेयरमैन राजू राम ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान, प्रदेश कार्यालय प्रभारी रंजीत बाउरी, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष मिथलेश कुमार, विनय कुमार, सुरेश मिर्धा, संदीप यादव, बंटी दास, प्रकाश राम, बसंत पासवान, विशाल कुमार आदि अनूसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 22 अप्रैल को मारवाड़ी ब्राह्मण सभा में परशुराम जयंती पर भव्य आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य राजधानी रांची की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, रांची द्वारा आगामी 22 अप्रैल 2023 को परशुराम जयंती के अवसर पर संपूर्ण समाज के बच्चों के लिए 16 अप्रैल 2023 को प्रात: 10-11 बजे तक चित्रांकन प्रतियोगिता, अपराह्न 12-1 बजे तक, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, अपराह्न 2-3 बजे तक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, 3-4 बजे तक भाषण प्रतियोगिता, सायं 4-5 बजे तक कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया है। उपरोक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष रमेशचंद शर्मा और मंत्री किशनलाल शर्मा ने संयुत रूप से देते हुए बताया कि परशुराम जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में पांच वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इस हेतु संयोजक अशोक पुरोहित और सह संयोजक गुलाब शर्मा, सुनील शर्मा, धर्मचंद शर्मा और राहुल शर्मा को मनोनीत किया गया है। संयोजक अशोक पुरोहित और महेंद्र शर्मा ने कहा कि आयोजन को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। विदित हो कि बैसाख शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत 2080, शनिवार 22 अप्रैल 2023 को ब्रह्म समाज के जनक भगवान श्री परशुरामजी का जन्मोत्सव है। ब्राह्मण सभा में प्रात: 9 बजे सालासर मंदिर प्रांगण में हवन और पूजन का आयोजन किया गया है। उसके बाद 3 बजे से विशाल शोभायात्रा 251 निशान ध्वजा के साथ नगर भ्रमण करते हुए पुन: ब्राह्मण भवन पहुंचेगी। सांय 7 बजे से श्री परशुरामजी जन्मोत्सव का सामूहिक प्रसाद और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। निवर्तमान अध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने कहा की सन1950 में स्थापित संस्था का इतिहास गौरवशाली है। शोभायात्रा में समाज के गणमान्य, प्रबुद्धगण, राजनीतिक प्रतिनिधि, महिला बहनें और बच्चे शामिल होंगे। उन्होंने समाज से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर ज्यादा से ज्यादा संख्या मे शामिल होकर समस्त आयोजन को सफल बनायें।

## ओसम का नया उत्पाद लांच




**रांची (आजाद सिपाही)।** निजी डेयरी ब्रांड 'ओसम' ने हाल ही में अपने झारखंड और बिहार के बाजार के लिए अपने तीन नये उत्पाद लॉन्च किये हैं। इनमें मैंगो, स्ट्रॉबेरी फ्लेवर्ड योगर्ट और व्हाइट चॉकलेट योगर्ट ये तीन उत्पाद इसके ग्राहकों के बीच पसंदीदा बनेंगे। मैंगो और स्ट्रॉबेरी योगर्ट 80 ग्राम टेंपर प्रूफ कप में 20 रुपये एमआरपी और सफेद चॉकलेट योगर्ट 70 ग्राम टैंपर प्रूफ आइएमएल कप में 35 रुपये एमआरपी पर उपलब्ध है। ये सभी आपके नजदीकी ट्रेड के साथ-साथ आपके नजदीकी मॉडर्न ट्रेड स्टोर्स पर भी उपलब्ध होंगे। कंपनी नये उत्पादों के लिए जागरूकता फैलाने के लिए एक आक्रामक मार्केटिंग अभियान शुरू कर रही है। यह बातें प्रेस वार्ता में ओसम के नीतू फाइनेंस हेड, मयंक, मार्केटिंग हेड, मिल्टन, पवन कवल कपूर प्रोकॉमेंट हेड ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे तीन प्लांट पतरातू, चांडिल और आरा में हैं। यह पूर्वी भारत की पहली डेयरी कंपनी है, जिसे आइएसओ 20000, आइएसओ 15001 मिला है।

## पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त, सांसद ने की दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

**रांची (आजाद सिपाही)।** जगन्नाथपुर थाना चौक पर पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किये जाने की खबर गुरुवार को सामने आने के बाद सांसद संजय सेठ ने गहरी नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और जन जागरण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया था। जीवनपर्यंत उन्होंने समाज में जन जागरण का काम किया। समाज हित में सदा खड़े रहे। राजस्थान, गुजरात जैसे राज्यों के वह राज्यपाल रहे। उनसे आखिर किसकी दुश्मनी हो सकती है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी सांसद निधि से लगायी गयी मिश्र जी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। सांसद ने प्रतिमा को नुकसान पहुंचाये जाने के प्रयास को बहुत घिनौना काम बताया है। इसे असामाजित तत्वों द्वारा किया गया अक्षम्य अपराध भी कहा है। इस मामले में उन्होंने रांची पुलिस से अविलंब दोषियों पर कार्रवाई करने की अपील की है, साथ ही वरीय प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर अविलंब कार्रवाई करने तथा दोषियों की गिरफ्तारी की भी मांग की है।

# 29 अप्रैल को धूमधाम से मनेगा मां जानकी का जन्म महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समिति के कार्यालय में एक आवश्यक बैठक जयंत झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 29 अप्रैल 2023 को मां जानकी जन्म महोत्सव पूरे धूमधाम से समिति मनायेगी। ज्ञात हो कि 29 अप्रैल 2023 को मां जानकी की जयंती है। मान्यता है कि नवमी वैशाख मास के शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को मां जानकी प्रकट हुई थीं, इसलिए इस तिथि को मां जानकी जन्म महोत्सव के रूप में सारा संसार में मनाया जाता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार एक बार मिथिला में बड़े भयंकर सूखे से राजा जनक बेहद परेशान हो गये थे। तब इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए उन्हें एक ऋषि ने यज्ञ करने और खेत में हल चलाने का सुझाव दिया गया था। उन ऋषि-मुनियों के सुझाव पर राजा जनक ने एक यज्ञ कर खेत में हल चलाने का फैसला किया और हल चलाते वक्त एक सोने का घड़ा खेत में टकराया। उससे एक सुंदर दिव्य कन्या मिली। उस कन्या का मां सीता/ जानकी नाम दिया गया, जिसे राजा जनक ने अपने पुत्री के रूप में अपना लिया। आगे चल कर मां जानकी का विवाह भगवान विष्णु के रामावतार रूप में पुरुषोत्तम श्रीराम से हुआ और मां सीता को माता जानकी के रूप में सारा संसार जानता है। मां जानकी नवमी पूरे मिथिला में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसलिए बाबा विद्यापति स्मारक समिति ने मां जानकी जन्म महोत्सव जानकी नवमी के दिन धूमधाम से मनाने का फैसला किया है। 29 अप्रैल 2023 को समिति के कार्यालय में मां जानकी की पूजा अर्चना की जायेगी और शाम के समय एक सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के कार्यालय प्रांगण में की आयोजित होगा। दिनांक 25 अप्रैल से पूरे रांची शहर में जानकी रथ जा जाकर मां जानकी जन्म महोत्सव का हुंकार देगा। इसमें शहर के सभी गणमान्य मिथिला वासी मौजूद रहेंगे। गुरुवार को हुई बैठक में मुख्य रूप से समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा, निर्भय कांत झा, ज्ञानदेव झा, डॉ पंकज राय, विकास वर्मा, आलोक झा, पवन झा, अभय रॉय, मृत्युंजय झा, प्रवीण मिश्रा, शिवराम मिश्रा, सुनील सिन्हा, जय बक्शी, भावेश मिश्रा, गौरीशंकर झा, संतोष मिश्रा, भावेश चंद्रा, बम शंभू दत्त मिश्रा, कालीकांत झा, भानु कच्छप, रमेश भारती, अमित झा, रोहित कुमार, श्याम किशोर चौबे आदि मौजूद थे। उक्त जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा ने दी।

## राजद वर्षों से भाईचारा का पैगाम देता आया है: जयप्रकाश नारायण

**राजद झारखंड प्रभारी जयप्रकाश ने कहा- रमजान के पाक महीने में रांची में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है**

**रांची (आजाद सिपाही)।** माह-ए-रमजान के अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड प्रदेश मुख्यालय में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। गुरुवार को इस मौके पर झारखंड प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव इफ्तार में शामिल हुए। राष्ट्रीय जनता दल के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, सभी प्रदेश के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष शामिल हुए। प्रभारी जयप्रकाश ने कहा कि रमजान के पाक महीने में रांची में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। राजद की यह परंपरा वर्षों से रही है। हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई के पर्व को मिलजुलकर मनाते हैं और भाईचारा का पैगाम देते हैं। उन्होंने कहा कि इफ्तार पार्टी में दल के प्रमुख नेता, कार्यकर्ता और विभिन्न प्रकोष्ठ के नेता शामिल हुए हैं। ये हमारी एकता का परिचायक है। झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, सुभाष यादव, राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह, प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, अनिता यादव, अंजल किशोर सिंह, इरफान अंसारी, सत्यम तिवारी सहित पार्टी के कई नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती आज, तैयारी पूरी




**रांची (आजाद सिपाही)।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 132वीं जयंती एवं बहुजन समाज पार्टी के स्थापना दिवस का समारोह बहुजन समाज पार्टी के द्वारा शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी रांची झारखंड के मुख्य केंद्रीय प्रभारी एमएल तोमर, केंद्रीय प्रभारी सतीश बौद्ध एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश मेहता सुबह हाई कोर्ट स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश कार्यालय से पार्टी के कार्यकर्ता दिन के 11 बजे एकजुट होकर पैदल मार्च करते हुए अंजुमन प्लाजा मेन रोड पर पहुंचकर जनसभा में परिवर्तित हो जाएगी। बहुजन समाज पार्टी रांची झारखंड प्रदेश के मुख्य केंद्रीय प्रभारी एमएल तोमर बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद कार्यक्रम को विधिवत आरंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य केंद्रीय प्रभारी हेमंत चौहान के कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में समस्त अतिथि गण और पदाधिकारियों का सम्मानित किया जाएगा। रंगारंग कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। यह जानकारी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश मेहता ने दी।

# राज्य सरकार के कई और चहेते दागी अधिकारियों की भी जांच करे इडी: दीपक प्रकाश

### भाजपा के लोकतांत्रिक आंदोलन पर लाठी बरसानेवाली राज्य सरकार जनता से माफी मांगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुवार को राज्य के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों के ठिकानों पर इडी की कार्रवाई पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य को भ्रष्टाचार के महा गर्त में धकेल दिया है। रोज नये-नये कारनामे उजागर हो रहे हैं। इडी की कार्रवाई में अधिकारियों के घर से अकूत अवैध संपत्ति, नकदी बरामद हो रहे हैं। श्री प्रकाश ने कहा कि ये सभी राज्य संपोषित भ्रष्टाचार के ही परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि जितने लोग इडी के चंगुल में अब तक आ चुके हैं, ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचार के कारनामे केवल उन्हीं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इडी को राज्य सरकार के अन्य चहेते पदाधिकारियों पर भी पैनी निगाह रखनी चाहिए। कहा कि जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं, उससे यही लगता है कि दाल में काला नहीं है, बल्कि राज्य सरकार की पूरी दाल ही काली हो चुकी है। श्री प्रकाश ने कहा कि भाजपा सड़क से सदन तक राज्य सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष और आंदोलन कर रही है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करती है, तो यह सरकार अपने पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग करते हुए लाठी डंडे, गोली बंदूक के बल पर उसे कुचलना चाहती है। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम को भी हेमंत सरकार ने कुचलने की कोशिश की। जनता के लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने के लिए किये गये प्रशासनिक दुरुपयोग पर हेमंत सरकार को माफी मांगनी चाहिए।

## रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों का प्लेसमेंट, विवि का प्रमुख लक्ष्य: डॉ तपन कुमार शांडिल्य



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति सभागार में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट कंपनी के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के द्वारा किया गया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का कार्य है सकारात्मक सोच के साथ परिश्रम करना और विश्वविद्यालय का लक्ष्य रहेगा, उनके परिश्रम को रोजगार का मूर्त रूप प्रदान करना। उन्होंने आगे कहा कि विगत 2 वर्षों में विश्वविद्यालय के विभिन्न वोकेशनल पाठ्यक्रमों के द्वारा प्लेसमेंट को ध्यान में रख कर पाठ्यक्रमों की संरचना की जा रही है, ताकि विद्यार्थियों को रोजगार आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करते समय उनके प्लेसमेंट संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहती है। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने विभागीय शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप विद्यार्थियों के परिश्रम को विश्वविद्यालय प्लेसमेंट के द्वारा फलीभूत करता है। आगे भी विश्वविद्यालय आपके साथ रहेगा। इसके पूर्व विभाग के निदेशक डॉ अशोक नाग ने स्वागत भाषण में विभागीय कार्यकलापों की जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल 18 विद्यार्थियों का चयन वेदांत एसेट कंपनी में हुआ है। नियुक्ति पत्र पाने वाले विद्यार्थियों में अमित कुमार लोहरा, नारायण महतो, स्वदेश कुमार, रूपेश कुमार महतो, शौकत आलम, सलोमी टोप्पो, गौरव कश्यप, नीतीश बहेरा, भावना शर्मा आदि शामिल थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक के अलावा विभागीय शिक्षक अनन्या प्रिया, विक्रांत कुमार रवि आदि उपस्थित थे। उक्तजानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## मुख्यमंत्री से मिलने अब दंडवत जायेंगे भूतपूर्व अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशक संघ के सदस्य



**रांची (आजाद सिपाही)।** संयुक्त बिहार के भूतपूर्व अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों को बिहार सरकार के द्वारा अनुदेशकों की नियुक्ति हो गयी, लेकिन झारखंड के अनुदेशक अभी भी सड़क पर भटक रहे हैं। इस विषय पर गुरुवार को भूतपूर्व अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशक संघ के सदस्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात नहीं होने पर राजभवन के समक्ष धरना पर बैठे। संघ के अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि 25 मार्च 2022 को विधानसभा सत्र में विधायक प्रदीप यादव ने अनुदेशकों को समायोजन करने का प्रस्ताव रखा है। इसपर शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के द्वारा बार-बार आश्वासन मिलता था। 17 मार्च 2023 को जब पुन: मिलने गये तो उन्होंने स्पष्ट रूप से बोला कि अभी सदन चल रहा है सदन के बाद बिहार का नियमावली मंगवा कर कैबिनेट में रखा जायेगा। इसी बीच मंत्री जी इस दुनिया से गुजर गये। अब हम तमाम अनुदेशक असहाय होकर सड़क पर भटक रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दो महीने पहले मिलने का समय मांगे थे, लेकिन नहीं मिला। उन्होंने कहा कि रघुवर दास की सरकार में 81 दिनों तक धरना पर बैठे थे। उन्होंने कहा कि निर्णय लिया है कि मुख्यमंत्री के पास मिलने के लिए अब दंडवत देते हुए जाना पड़ेगा। 13 अप्रैल को सुबह से राजभवन का परिक्रमा करते हुए मुख्यमंत्री आवास तक जाने का निर्णय लिया है। यह क्रम तब तक चलेगा जब तक मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो जाता। इस मौके पर अरुण मरिक, रामदास राम, विष्णुदेव साव, फागू महतो मौजूद थे।

## झारखंड सरकार की आंखों में धूल झोंककर बिना किसी आज्ञा के प्रशिक्षण दे रहा है जेआइटीएम



**रांची (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड में झारखंड महिला विकास समिति के तत्वावधान में चल रहे तेजस्विनी परियोजना के अंतर्गत जेआइटीएम स्किल्स प्रा. लिमिटेड द्वारा 10वीं पास किशोरी युवतियों को वोकेशनल (रिटेल सेल्स एसोसिएट) कौशल विकास प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। गौरतलब है की फरवरी महीने से लातेहार जिला के बालूमाथ बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंडप विवाह भवन में चल रहे जेआइटीएम जेआईटीएम स्किल्स प्रा. लिमिटेड का कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र एनएसडीसी अथवा तेजस्विनी परियोजना के स्टेट अधिकारियों के द्वारा बिना किसी प्रमाण अथवा सत्यापन के बगैर तेजस्विनी परियोजना के जिला समन्वयक, कार्यक्रम समन्वयक एवम प्रशिक्षण दे रहे जेआइटीएम के अधिकारियों की मिलीभगत से संचालन किया जा रहा है।

# खूंटी में 42-44 डिग्री तक चढ़ेगा पारा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अगले पांच दिनों में खूंटी और आसपास के इलाकों में सूर्य की तपिश और तेज होगी। इस कारण अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि इन पांच दिनों में आसमान में छिटपुट बादल रहने की भी संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 40-41 डिग्री सेंटीग्रेट और न्यूनतम तापमान 22-23 डिग्री सेंटीग्रेट के आसपास रहने की उम्मीद है। खूंटी कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने बताया कि आगामी मौसम पूवार्नुमान के आधार पर अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेंटीग्रेट और न्यूनतम तापमान 24-25 डिग्री सेंटीग्रेट तक पहुंचने की संभावना है। इस कारण लोगों को अधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचने के लिए रोजाना कम से कम पांच लीटर पानी पीएं। पानी शरीर को ठंडा रखने का प्राकृतिक तरीका है। साथ ही ज्यादा तेल मसाला खाने से परहेज करें। खाने में अधिक से अधिक मूली, दही, पुदीना, प्याज आदि का प्रयोग करें। इससे शरीर में ठंढक बनी रहती है। कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि गर्मी के दिनों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए गर्भवती गाय और भैस को 50-60 ग्राम मिनिरल मिक्सचर अवश्य खिलाएं। गर्मी के मौसम में प्रति पशु प्रति दिन 50-60 ग्राम नमक खिलायें एवं पशु बाड़े के आसपास मच्छर न पनपने दें।

## जानकारी मिलने के बाद भी स्कूल में बैठा रहा संचालक, ग्रामीणों में आक्रोश

# तालाब में डूब कर छात्र की मौत

**तीन दोस्तों के साथ स्कूल टाइम में गया था तालाब के किनारे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नगर पंचायत खूंटी अंतर्गत हुटूबदाग बस्ती के खेत में नगर पंचायत द्वारा खोद गए नये तालाब में गुरुवार की दोपहर डूबने से एक 12 वर्षीय स्कूली छात्र की मौत हो गई। उसकी पहचान सैम होरो के रूप में हुई है। वह खूंटी के टंगराटोली गांव में रहनेवाले मुनूरेन होरो का पुत्र था। जानकारी के मुताबिक सैम होरो शहर के पिपराटोली स्थित एक निजी विद्यालय बीएम नेशनल स्कूल में कक्षा पांच का छात्र था। गुरुवार को स्कूल से ही अपने तीन मित्रों के साथ वह स्कूल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर उक्त तालाब को देखने गया था। उसके साथ स्कूल से तालाब गए उसके दोस्तों अभिषेक बोदरा, ओम साहू और ऋतिक बोदरा ने बताया कि तालाब में सैम होरो हाथ-पैर धोने लगा। तभी वह फिसलकर तालाब के गहरे पानी में चला गया। सैम को तालाब में डूबता देख सहायता के लिए शोर भी मचाया। इस पर दूर खेत में काम कर रहे कुछ ग्रामीण वहां पहुंचे और तालाब के गहरे पानी में डूबे सैम को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में घटना की सूचना मिलने पर उसके मां-बाप तालाब के पास पहुंचे। अपने इकलौते बेटे के शव को देखकर पिता मुनूरेन होरो सकते में आ गये। वहीं मां आशा होरो अपने लाडले के शव से लिपट कर फूट-फूट कर रोने लगी। बाद में खूंटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद शव को अपने कब्जे में कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।



मृतक के शव के पास बिलखते परिजन।

### पिता ने स्कूल पर लगाया लापरवाही का आरोप

मृतक सैम होरो के पिता मुनूरेन होरो ने बीएम नेशनल स्कूल के संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मुनूरेन होरो ने कहा कि नामांकन के समय स्कूल के प्राचार्य ने उससे कहा था कि वे अपने बेटे को सुबह स्कूल पहुंचा कर देर शाम वापस उसे घर ले जाएंगे, क्योंकि स्कूल में सुबह से देर शाम तक विभिन्न प्रकार की कक्षाएं व कोचिंग क्लास होती है। प्राचार्य की इस बात का अनुसरण करते हुए वह प्रतिदिन अपने बेटे को सुबह में स्कूल छोड़ जाते थे और देर शाम उसे घर लाते थे। पूरे दिन उसका बेटा स्कूल में ही रहता था। उसने आरोप लगाया कि जब स्कूल में रहने के दौरान बच्चे की देखभाल की जिम्मेवारी स्कूल प्रबंधन की थी, तो फिर उसका बेटा स्कूल से निकलकर डेढ़ किलोमीटर दूर तालाब में कैसे पहुंच गया। इसमें स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही है।

### स्कूल में रहते हुए भी नहीं गया संचालक

छात्र की तालाब में डूबने से हुई मौत की जानकारी मिलने के बाद भी विद्यालय का संचालक और प्राचार्य शिव कुमार प्रसाद अपने स्कूल में बैठे रहे लेकिन घटनास्थल तक नहीं गये। इससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। जब कुछ पत्रकार स्कूल पहुंचे, तो देखा कि प्राचार्य अपने काम में लगे हैं। उनकी गतिविधि देखकर आभास हो रहा था कि छात्र की मौत का कोई अफसोस नहीं है। संवेदनहीनता का परिचय देते हुए स्कूल के संचालक ने मृत छात्र के माता-पिता से न तो मुलकात की और न ही उन्हें ढाढ़स बंधाया। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर संचालक बहाने बनाने लगा।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जंयती की पूर्व संध्या पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र की ओर से संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जंयती की पूर्व संध्या पर गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। बचरा अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष सभी एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए शोभायात्रा की शुरूआत की। सिस्टा के सचिव कामेश्वर राम और बाबूलाल राम ने बताया कि बाबा साहेब की जंयती की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा निकाला गया है जो पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर बाबा साहेब के उदेश्य एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को जयंती समारोह धूमधाम से मनाने की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आज के इस शोभायात्रा में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। यह शोभायात्रा थाना चौक, बैंक मोड़, बाजारटांड़, बिशुझापा, काली मंदिर रोड, 122 कालोनी, 64 कालोनी, एलो कालोनी, 172 कालोनी, बंसत विहार,अशोक विहार, वनबीआर सहित कई कालोनी का भ्रमण किया। इस मौके पर कौशल प्रसाद, राजकुमार, गणेश राम, हिमांशु चटर, देवेंद्र मलिक, बसंत कुमार, टिकेश्वर ठाकुर, संतोष राम, नागेश्वर राम, बिनोद कुमार, गंगा राम, दीपक कुमार राम, गीता एक्का, किरण देवी, मुंशी राम, जेम्स उरांव, वासुदेव प्रजापति, जगदीश गंझु, संजय साव, जुगेश उरांव, टिकेश्वर ठाकुर, तीरथ पासवान, ललिंद्र कुमार, गणेश रविदास, राज किशोर बैठा, वासुदेव गंझु, देवेंद्र मलिक, रमेश राम, विरेंद्र भगत, अनिल राम, देवनाथ राम, मुंशी राम, नरेश सेठ, रामजीत राम, बच्चन राम आदि उपस्थित थे।



शोभायात्रा में शामिल लोग।

# 10 लाख के इनामी मुनेश्वर गंझू समेत दो नक्सलियों से एनआइए कर रही है पूछताछ

**टेरर फंडिंग मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) 10 लाख के इनामी नक्सली मुनेश्वर गंझू और गोविंद बिरिजिया से पूछताछ कर रही है। एनआइए का रांची ब्रांच टेरर फंडिंग मामले में दोनों नक्सलियों को तीन दिनों के लिए रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहा है। मुनेश्वर गंजू और गोविंद बिरिजिया भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू के करीबी माने जाते हैं। टेरर फंडिंग को लेकर इससे पहले भी एनआइए ने साजन कुमार ड्डूमिया नाम के ईंट भट्ठे के मुंशी को भी रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। मुनेश्वर और गोविंद की गिरफ्तारी ऑपरेशन बुलबुल के दौरान हुई थी।

**हथियार बरामदगी मामले में हो रही पूछताछ :** एनआइए लोहरदगा के बुलबुल जंगल से अत्याधुनिक हथियार बरामदगी मामले की जांच कर रही है। बुलबुल जंगल में 21 फरवरी 2022 को सुरक्षा बलों को विस्फोट में उड़ाने और उनके हथियार लूटने की साजिश रची गयी थी। हमले को अंजाम देने के लिए रविंद्र गंझू ने अपने 45 से 50 कैडरों के साथ मिल कर पुलिस पर हमला किया था। इस दौरान दोनों तरफ से जम कर मुठभेड़ हुई थी। इस ऑपरेशन में पुलिस ने नौ नक्सलियों को जिंदा धर दबोचा था। हालांकि रविंद्र गंझू अपने दूसरे साथियों के साथ फरार होने में सफल हो गया था। मौके से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किये थे। इसके बाद रविंद्र गंझू समेत 17 नक्सलियों के खिलाफ पेशरार थाने में एफआइआर दर्ज की गयी थी। उसी प्राथमिकी को एनआइए ने टेक ओवर करते हुए अपनी जांच शुरू की है।

# थाने के निकट दूध की दुकान से कीमती सामान की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थाना के बगल में स्थित से मिल्क पार्लर (दूध दुकान) पर चोर बुधवार की रात दरवाजे की कुंडी काटकर चोरी कर लिए। दुकानदार सुधांशु कुमार सिंह ने बताया कि दुकान में साहुकार को देने के लिए पैसे छोड़ गए थे। कहा कि आधी रात के बाद घटना को अंजाम दिया गया है।

बताया कि गल्ले से 25 हजार रुपये, पैन कार्ड, एटीएम, ड्राइविंग लाइसेंस आदि थे, जिसे चोर ले गये। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस मामले में खूंटी थाने को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया, लेकिन कई घंटों तक मामला दर्ज नहीं होने पर भुक्तभोगी ने इसकी शिकायत एसपी से की है।

**न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

राजसात वाद संख्या–34/2023

नोटिस

बनाम्

घनश्याम प्रसाद, पिता–अयोध्या प्रसाद,
सा0–जालिम खुर्द, थाना+जिला–लातेहार। :– प्रतिपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार द्वारा उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में ट्रैक्टर रजि0 नं0–JH03L-3253 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है। उक्त वाद की सुनवाई दिनांक 11.04.2023 को की गयी जिसमें आप अनुपस्थित पाये गये।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.04.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 295041 District (23-24)_D

**न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

राजसात वाद संख्या–35/2023
नोटिस बनाम्
MAA PHULESHRA BHAWANI GOODS CARRIER Add- H. NO.- GH/21 GAYATRI NAGAR, SEC-2 DHURWA, RANCHI-834004:– प्रतिपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, लातेहार द्वारा उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में ट्रक रजि0 नं0–JH01CY-5897 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है। उक्त वाद की सुनवाई दिनांक 11.04.2023 को की गयी जिसमें आप अनुपस्थित पाये गये।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.04.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR295047 (District)23-24*D

# अंबेडकर जयंती को लेकर खलारी में निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती की पूर्व संध्या पर गुरुवार विशाल शोभायात्रा सह बाइक जुलूस निकाली गई। जुलूस डकरा अंबेडकर पार्क से होते हुए मानकी, चूरी, सुभाष नगर, केडीएच, रोहिणी, धमधमिया, करकटटा, खलारी बाजार टांड, बैंक चौक, केडी, मोहन नगर, डकरा ए टाइप, बी टाइप होते हुए अंबेडकर पार्क में संपन्न हुई। शोभायात्रा में बाबा साहब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया। साथ ही 14 अप्रैल को मनाए जाने वाली जयंती समारोह के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया। इस शोभायात्रा में मिथिलेश पासवान, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, रविंद्र बैठा, महेंद्र उरांव, बहुरा मुंडा, सुखराम सेठ, ध्वजा राम धोबी, बरतु मुंडा, इंदिरा देवी, अनीता एक्का, बालेसर उरांव, रामचरण सतनामी, रामू सतनामी, असर्फी राम, नागेश्वर महतो, जितेंद्र राम, महेंद्र राम, जटू राम, बुला गंझू, किशोर रथ रजक, जोगिंदर राम, उपेंद्र रजक, विजय विश्वकर्मा, बिगु विश्वकर्मा, अमरलाल सतनामी, जगरनाथ महतो, मुखिया सेवा उरांव, नित्या कुमार, मुन्ना देवी, लालचंद विश्वकर्मा, जगदीश गंझू, आशा देवी, अनीता देवी, रिंकी देवी, नगीना देवी, सुधा झा आदि थे।



अंबेडकर जयंती को लेकर निकाली गयी शोभायात्रा में शामिल लोग।

# मिलादुन्नबी में मांगी गयी देश की खुशहाली की दुआ
## बचरा जामा मस्जिद में नमाज-ए-तरावीह का समापन



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद में बुधवार की रात तरावीह की नमाज मुक्कमल हुई। बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज ने तरावीह पढ़ायी। मुक्कमल तरावीह के बाद मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने कुरान पाक की तिलावत के साथ की गई। कार्यक्रम में रमजान महीने पर प्रकाश डाला गया। साथ ही रमजान के पाक महीने में तरावीह की नमाज अदा करने पर मिलने वाले शवाब के बारे में जानकारी दी गई। अतं में राज्य एवं देश की खुशहाली व अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर हाफिज मुमताज आलम, हाफिज क्यामूद्दीन, हाफिज मुनव्वर, मुआज्जिन वाशिक रजा, सदर इस्लाम अंसारी, सेक्रेटरी शेख इरफान, अब्दुल कुदूस अंसारी, आबिद हुसैन, अमजद अली, तहुर आलम, हाफिज अयूब अंसारी, पिंटू खान, मुबारक हुसैन, रिंकु खान, सरवर खान, छोटू खान, मोहम्मद रेयासत, मोहम्मद अख्तर, क्यूम अंसारी, मोहम्मद एहसान आदि मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।**

शुद्धि पत्र

निविदा सूचना सं0 – RDD/SD/KODERMA/16/2022-23 आमंत्रित किया गया है। जिसका पी0 आर0 सं0 – 293849 है। जिन क्रमांकों को संशोधन किया जा रहा है वो निम्न प्रकार है :–
2) वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 10.04.2023 के स्थान पर 15.04.2023 पढा जाय।
3) ई –निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 11.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 के स्थान पर दिनांक 17.04.2023 से 25.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 23.04.2023 के स्थान पर 28.04.2023 पढा जाय।
7) निविदा खोलने का स्थान – e-procurment cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची के स्थान पर कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा पढा जाय।
8) निविदा खोलने का तिथि एवं समय – दिनांक 25.04.2023 के स्थान पर 29.04.2023 पढा जाय।
निविदा की सभी शर्त्ते पूर्वत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
कोडरमा।

PR 295131 (Rural Work Department) 23-24 (D)

## एनके एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार की सराहनीय पहल

# 14 साल बाद रोशन हुआ खलारी ओवरब्रिज

**इस सराहनीय कार्य के लिए पहाड़ी मंदिर विकास समिति सहित खलारी के लोगों ने संजय कुमार का जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार के सराहनीय पहल से निर्माण के 14 साल बाद खलारी ओवरब्रिज रोशन हो गया। गुरुवार की शाम ढलते ही खलारी ओवरब्रिज पर लगे स्ट्रीट लाइटों से पूरा ब्रिज जगमगा उठा। मालूम हो कि वर्ष 2009 में ओवरब्रिज बनाने वाली एजेंसी ने स्ट्रीट लाइट लगाया था। पर जल्द ही लाइट व तार चोरों ने चोरी कर लिए। इसके बाद से किसी ने नया लाइट, तार लगाने की पहल नहीं की। सरकारी एजेंसियां ओवरब्रिज के स्ट्रीट लाइटों को लगाने की जबाबदेही एक-दूसरे पर थोंपती रही। बाद में खलारी का भला चाहने वाले कुछ लोगों ने एनके महाप्रबंधक से खलारी ओवरब्रिज को रोशन करने का आग्रह किया। खलारी के अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य व प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग की ओर से भी पहल किया गया। जनवरी महीने में महाप्रबंधक ने अपने संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दे दिया। औपचारिकताएं पूरी हुई और तीन महीने बाद ही खलारी ओवरब्रिज जगमगा उठा। सीसीएल की ओर से संवेदक आकाश कुमार सिंह ने कार्य पूरा किया।

पूरे ब्रिज पर 24 लाइट लगाए गए हैं। इस सराहनीय कार्य के लिए पहाड़ी मंदिर विकास समिति सहित खलारी के लोगों ने संजय कुमार का आभार जताया है।

# रामायण पर आधारित दोगोला चैता मुकाबला कल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला चैता महासमिति के तत्वावधान में 15 अप्रैल को खूंटी क्लब प्रांगण में दोगोला चैता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दोगोला चैता रामायण पर आधारित होगा और इसमें पलामू झारखंड के व्यास राहुल सिन्हा का मुकाबला बिहार के औरंगाबाद निवासी विकास तूफान से होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष कंचन कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन अपराह्न 7.30 बजे खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा करेंगे। मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर पंचायत खूंटी के अध्यक्ष अर्जुन पाहन मौजूद रहेंगे।

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, गुमला।
भर्त्ती कैम्प–2023**

रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गुमला के तत्वाधान में दिनांक– 15.04.2023 (शनिवार) के पूर्वाहन 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्त्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–
स्थान – जिला नियोजनालय कार्यालय, गुमला परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | | Experience / Height | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Smart Brains Engineers& Technologist Pvt. Ltd Noida | Operator | 100 Permanent | 10th/ ITI/ Diploma | | Nil | 18-35 | 11000-14000 | Delhi- NCR |
| | | Technician | 100 Permanent | 10th/ ITI/ Diploma | | Nil | 18-35 | 11000-14000 | Delhi- NCR |
| | | Diploma Engg. Trainee (DET) | 100 Permanent | 10th/ ITI/ Diploma | | Nil | 18-35 | 12500-15500 | Delhi- NCR |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉफी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।
किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR 295050 Labour Employment and Traning(23-24)D

# क्या एकजुट होगा विपक्ष

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दिल्ली यात्रा के साथ ही एक बार फिर उम्मीद जतायी जाने लगी है कि अब विपक्षी एकता के प्रयासों में ठोस प्रगति देखी जा सकेगी। इससे पहले कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने मंगलवार को एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित अपने लेख में इस बात को फिर रेखांकित किया कि कांग्रेस समान विचारों वाले दलों के साथ मिलकर चलने को प्रतिबद्ध है। ध्यान रहे, नीतीश कुमार कई महीनों से विपक्षी एकता सुनिश्चित करने के प्रयासों में लगे थे, लेकिन कुछ बाधाओं के चलते उनके प्रयास कारगर ढंग से आगे नहीं बढ़ पाये। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि के चंद्रशेखर राव के बीआरएस, ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की दिलचस्पी कांग्रेस को विपक्षी पार्टियों के मोर्चे से बाहर रखने में दिख रही थी। वहीं, नीतीश कुमार का मानना था कि कांग्रेस को शामिल किए बगैर विपक्षी एकता का कोई मतलब नहीं बनता। वहीं, नीतीश कुमार की उदासीनता की बड़ी वजह यह थी कि खुद कांग्रेस नेता भी उनके प्रयासों को वैसी तवज्जो नहीं दे रहे थे, जैसी उन्हें अपेक्षा थी। इस बीच, राहुल गांधी की सांसदी छिनने के मुद्दे पर अधिकतर विपक्षी दल साथ आये, लेकिन इसके कुछ ही समय बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार के एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू ने उनकी एकता पर सवालिया निशान लगा दिया। उस इंटरव्यू में पवार ने अडाणी मामले पर जेपीसी जांच की विपक्ष की मांग से खुद को अलग करते हुए कहा कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में विशेषज्ञों की एक जांच समिति गठित कर दी है, इसलिए अब जेपीसी जांच की मांग का कोई मतलब नहीं है। खैर, इसे दूसरे विपक्षी दलों ने तूल नहीं दिया और संयत रुख दिखाया। परदे के पीछे चली गतिविधियों का ही परिणाम कहिए कि विपक्षी दलों की आपसी समझ फिर से दिखने लगी। न केवल तृणमूल और आप जैसी पार्टियां कांग्रेस के करीब नजर आयीं बल्कि इन सबसे खुद को अलग करते पटना में बैठे नीतीश कुमार भी दोबारा सक्रिय हुए। मंगलवार को दिल्ली आकर पहले वह राजद नेता लालू प्रसाद से मिले और बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बात की। इस बीच, शरद पवार का यह महत्वपूर्ण बयान भी आ गया कि जेपीसी जांच की मांग से असहमत होते हुए भी बाकी दलों के रुख के मद्देनजर एनसीपी इसका विरोध नहीं करेगी। ये सब इस बात के संकेत हैं कि अगर कोई नयी बाधा नहीं आयी तो विपक्षी दलों के बीच एकजुटता को लेकर मोटी सहमति बन जायेगी और ज्यादा बारीक पहलुओं पर बातचीत आगे चलती रहेगी।

**भूलना नहीं चाहिए कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव और इसके बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से तीन राज्यों में अभी कांग्रेस की सरकार है। परदे के पीछे चली गतिविधियों का ही परिणाम कहिए कि विपक्षी दलों की आपसी समझ फिर से दिखने लगी। न केवल तृणमूल और आप जैसी पार्टियां कांग्रेस के करीब नजर आयीं बल्कि इन सबसे खुद को अलग करते पटना में बैठे नीतीश कुमार भी दोबारा सक्रिय हुए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

इतिहास के पन्नों को पलटने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस और अन्य सरकारों के लिए अंबेडकर के व्यक्तित्व को स्वीकार करने हेतु उन्हें मान्यता प्रदान करने की यात्रा कठिन, या यह कहें कि बाध्यकारी थी। इस बात का प्रमाण यह है कि मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न प्रदान करने और संसद के केंद्रीय कक्ष में उनका आदमकद चित्र स्थापित करने के लिए 34 वर्षों का निरंतर संघर्ष करना पड़ा। विडंबना यह थी कि केंद्रीय हॉल में डॉ अंबेडकर की बैठी हुई मुद्रा में लगाये गये प्रथम चित्र (नौ अगस्त 1989) को हटा दिया गया था, जिसे बाद में 12 अप्रैल 1990 को पुनः लगाया गया, जबकि इसकी तुलना में मोतीलाल नेहरू, जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के चित्रों को लगाने में काफी कम समय लिया गया था।

# नये भारत में डॉ अंबेडकर की स्वीकार्यता



**अर्जुन राम मेघवाल**




बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर मात्र एक व्यक्ति ही नहीं थे, बल्कि न्याय की सदृश ज्वलंत भावना का एक प्रतीक थे। उनके द्वारा प्रस्तावित विचारों, कृत्यों और कार्यों ने हमारे अतीत को न्यायोचित बनाया है, वर्तमान को रोशन किया है और भविष्य के लिए सतत मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। आज जब, राष्ट्र पवित्र आत्मा वाले उस महान व्यक्तित्व की 132वीं जयंती मना रहा है, तब यह पल उस अमर व्यक्तित्व के नैतिक बल को पहचानने का है।

यह जयंती समारोह एक विशेष अवसर है, क्योंकि यह अंबेडकर के शोध प्रबंध 'द प्रॉब्लम ऑफ रुपीः इट्स ओरिजिन एंड इट्स सोल्यूशन' का 100वां वर्ष है, जिसने 1934 में भारतीय रिजर्व बैंक की नींव रखी थी। यह वही समय था जब देश औपनिवेशिकता की बेड़ियों में बंधे अपने आवरण से छूटने की योजना बना रहा था। डॉ अंबेडकर बहु-आयामी तरीके से राष्ट्र-निर्माण के महत्वपूर्ण उपायों की शुरुआत करने के कार्यों का उत्साहपूर्वक समर्थन कर रहे थे। साइमन कमीशन के समक्ष, तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भागीदारी के दौरान दलित वर्ग के उत्थान संबंधी कार्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए वायसराय की परिषद में श्रमिक सदस्य (1942-46), संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष जैसे अपने प्रत्येक कार्य में उन्होंने लक्षित लोगों के यथोचित हितों का दृढ़तापूर्वक संरक्षण किया। उन्होंने एक न्यायपूर्ण समाज के लिए संस्थाओं की स्थापना करने पर बल दिया। भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए दूरदर्शितापूर्ण दृष्टिकोण रखते हुए उन्होंने नेहरू सरकार द्वारा उठाये गये जम्मू और कश्मीर के लिए विशेष दर्जा और यूएनओ हस्तक्षेप आदि जैसे कुछ कदमों का विरोध किया।

**आज जब, राष्ट्र पवित्र आत्मा वाले उस महान व्यक्तित्व की 132वीं जयंती मना रहा है, तब यह पल उस अमर व्यक्तित्व के नैतिक बल को पहचानने का है।**

डॉ अंबेडकर ऐसे चमकते सितारे के समान थे, जो गौरवशाली राष्ट्र की हमारी धरोहर का प्रतिनिधित्व करते थे। हम किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व को जितना अधिक स्वीकार करते हैं, उतना ही अधिक हमारे व्यवहार में उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रबल संभावना होती है। नव स्वतंत्र भारत में अंबेडकर द्वारा प्रचारित कल्याण और न्याय के विचारों की स्वीकृति से हम उनके और अधिक निकट हो सकते हैं। इस दृष्टि से देखते हुए, यह प्रश्न उचित है कि क्या हमने अम्बेडकर की विचारधारा को पूर्ण रूप से स्वीकार किया है?

इतिहास के पन्नों को पलटने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस और अन्य सरकारों के लिए अंबेडकर के व्यक्तित्व को स्वीकार करने हेतु उन्हें मान्यता प्रदान करने की यात्रा कठिन, या यह कहें कि बाध्यकारी थी। इस बात का प्रमाण यह है कि मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न प्रदान करने और संसद के केंद्रीय कक्ष में उनका आदमकद चित्र स्थापित करने के लिए 34 वर्षों का निरंतर संघर्ष करना पड़ा। विडंबना यह थी कि केंद्रीय हॉल में डॉ अंबेडकर की बैठी हुई मुद्रा में लगाये गये प्रथम चित्र (नौ अगस्त 1989) को हटा दिया गया था, जिसे बाद में 12 अप्रैल 1990 को पुनः लगाया गया, जबकि इसकी तुलना में मोतीलाल नेहरू, जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के चित्रों को लगाने में काफी कम समय लिया गया था। ये ऐतिहासिक रूप से प्रलेखित तथ्य स्पष्टतः अंबेडकर को समग्र रूप में स्वीकार करने की उनकी मंशा को दर्शाते हैं।

इसी तरह नेहरू परिवार के सदस्यों के साजो-सामान और संबंधित वस्तुओं को परिरक्षित, संरक्षित किया गया और उन्हें उनके नामों पर बनाये गये स्मारकों में प्रदर्शित किया गया, जबकि बाबा साहेब द्वारा उपयोग में लाये गये साजो-सामान की सुरक्षा और संरक्षण की ओर इनके शासन काल में कोई ध्यान नहीं दिया गया। अंबेडकर के अनुयायियों के सरोकारों के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई को करना मोदी सरकार का संवेदनशील दृष्टिकोण है। संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा संरक्षण अनुसंधानशाला, लखनऊ ने बाबा साहेब के साजो-सामान को दीर्घकालीन संरक्षण के लिए सुरक्षित रखा है। संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए इस्तेमाल किये गये टाइपराइटर सहित कुल 1358 वस्तुओं को संरक्षित किया गया है जिन्हें आगामी समय में नव निर्मित बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर सामाजिक-आर्थिक और संस्कृति केंद्र, चिंचोली, नागपुर में प्रदर्शित किया जायेगा। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की झलकियों को प्रदर्शित करते हुए, यह केंद्र एक पवित्र स्थल के रूप में उभरेगा। भारतीय-थाई वास्तुकला के संयोजन पक्षों को प्रदर्शित करने वाले 11.5 एक-ड़ में फैले इस केंद्र में अन्य सांस्कृतिक पक्षों के साथ-साथ एक संग्रहालय, स्मारक, ध्यान-योग कक्ष और पुस्तकालय भी मौजूद है।

2014 के बाद से मोदी सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पूर्ण रूप से डॉ अंबेडकर की विचारधारा को स्वीकार किए जाने को दर्शाती है। योजना से लेकर कार्यान्वयन स्तर तक शासन व्यवस्था को अंबेडकर की प्रेरणा के अनुरूप बनाने और ढालने का प्रयास किया गया है। यह सरकार के ही अथक प्रयासों का परिणाम है, जिसके कारण पंच तीर्थ डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र का समर्पित विकास हुआ है और जीवन को सरल बनाने के लिए गरीबों की सहायता करने वाले और जन-केंद्रित नीतिगत उपायों का कार्यान्वयन ऐसे कदम हैं, जो सरकार को डॉ अंबेडकर के विचारों के और करीब ले जाते हैं। सुधार, निष्पादन और परिवर्तन के मूल्यों के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण की अनवरत यात्रा, बेहतर भविष्य के लिए जीवन को बहुआयामी रूप से प्रभावित कर रही है। कई अन्य पहलों के अलावा स्टैंड-अप, स्टार्टअप, पीएम आवास योजना, भीम, मुद्रा, और जेएएम (जैम) ट्रिनिटी आदि इस बात का प्रमाण है कि सरकार, अपने लक्ष्यों को पूरा करने तथा और संतुष्टि स्तर तक कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सरकार के 'दरकिनार किये गये मुद्दों को मुख्यधारा में लाने' के परिवर्तन संबंधी एजेंडा ने देश की विकास संबंधी संभावनाओं को गति दी है।

मनव केंद्रित विकसित भारत, गुलामी के सभी चिहनों से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्यों के पालन जैसे प्रधानमंत्री के पंच प्रण मंत्र में भी डॉ अंबेडकर का प्रतिबिंब है, जिनका यह मानना था कि 'स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व' के संवैधानिक आदर्श और सामाजिक दर्शन, भारतीय संस्कृति का हिस्सा हैं, जो उन्हें उनके गुरु महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं से प्राप्त हुए हैं, न कि फ्रांसीसी क्रांति से। आजादी का अमृत महोत्सव, राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले यशवंचित, गुमनाम नायकों की साहसपूर्ण गाथाओं को खोज निकालने की पहल है, जो भावी पीढ़ियों के लिए यथोचित ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को प्रस्तुत करने का अभियान है।

एक तरफ डॉ बीआर अंबेडकर की विचारधारा को मूल रूप में स्वीकार करना और दूसरी ओर, की गयी कार्रवाई के माध्यम से उनके मूल्यों का अनुकरण करना ही भारत के इस महान सपूत को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। यदि, डॉ बीआर अंबेडकर की विचारधारा को स्वीकार करने की प्रवृत्ति पूर्ववर्ती सरकारों के लिए प्राथमिकता का विषय रही होती, तो देश को अत्यधिक लाभ होता और व्यापक स्तर पर जन कल्याण देखने को मिलता। उनकी 132वीं जयंती पर, आइये इस क्षण के साक्षी बनें और एक समृद्ध, न्यायपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण के लिए मान्यताओं और मूल्यों को अपनाने का संकल्प लें। ये उपाय हमारे पूर्वजों द्वारा परिकल्पित एक विकसित भारत के निर्माण के वृहत लक्ष्य को पूरा करने में सहायक सिद्ध होंगे।

**(लेखक : केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री एवं बीकानेर से लोकसभा सांसद हैं।)**

# भीमराव अंबेडकर : जाति उन्मूलन, आर्थिक एवं सामाजिक न्याय के प्रणेता



**डॉ तपनकुमार शांडिल्य**

'आंबेडकरवाद' आंबेडकर की विचारधारा तथा दर्शन हैं। स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा, बौद्ध धर्म, विज्ञानवाद, मानवतावाद, सत्य, अहिंसा, आदि के विषय आंबेडकर के सिद्धांत हैं। छुआछूत को नष्ट करना, दलितों में सामाजिक सुधार, भारत में बौद्ध धर्म का प्रचार, भारतीय संविधान में निहीत अधिकारों तथा मौलिक हकों की रक्षा करना, एक नैतिक तथा जातिमुक्त समाज की रचाना और भारत देश प्रगती यह प्रमुख उद्देश्य शामिल हैं। आंबेडकरवाद सामाजिक, राजनीतिक तथा धार्मिक विचारधारा हैं। आंबेडकर ने कहा था कि उनका जीवन तीन गुरूओं और तीन उपास्यों से सफल बना है। उन्होंने जिन तीन महान व्यक्तियों को अपना गुरू माना, उसमें उनके पहले गुरु थे तथागत गौतम बुद्ध, दूसरे थे संत कबीर और तीसरे गुरू थे महात्मा ज्योतिराव फुले थे। उनके तीन उपास्य (देवता) थे- ज्ञान, स्वाभिमान और शील। केआर नारायणन कहते हैंः भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन द्वारा उत्पन्न महान व्यक्तियों में बाबासाहेब आंबेडकर असाधारण गुणों से संपन्न व्यक्ति थे। डॉ आंबेडकर में एक भारतीय देशभक्त का स्पंदनशील हृदय मौजूद था और वह आजादी, जनतंत्र और देश की एकता के प्रति समर्पित थे। अंबेडकर ने आरोप लगाया था कि राष्ट्रीय आंदोलन के नेता गन दलित वर्गों को दरकिनार करने के लिए राष्ट्रीयता की भावनाओं का खेल खेलने की कोशिश कर रहे हैं और कि भारत इतनी बड़ी संख्या में जाती है में विभाजित है कि वह राष्ट्र होने का दवा मुश्किल से कर सकता है, इससे अच्छी तरह प्रमाणित किया जा सकता है कि वह भारतीय राष्ट्र के व्यापक हितों की रक्षा करने और उन्हें आगे बढ़ने के पक्षधर थे। 1930 में ही अंबेडकर ने कहा था : यह कहने पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती कि देश जातियों और धर्मों में विभाजित है और जब तक संविधान में अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए यथेष्ट सुरक्षा कवच नहीं दिये जाते हैं तब तक यह एक एकताबद्ध स्वशासितसमुदाय नहीं बन सकता है। लेकिन अल्पसंख्यकों को भी अपने दिमाग में गांठ बांध लेनी चाहिए कि यद्यपि हम धर्मों और जातियों में बंटे हुए हैं, फिर भी हमारा आदर्श एक एकिकृत भारत है। इसलिए, अपने रक्षा कवचों को सूत्रबद्ध करते समय प्रत्येक अल्पसंख्यक को इस बात का ख्याल जरूर रखना चाहिए कि उस आदेश को चरितार्थ करने में असंगत नहीं होगा।

डॉ अंबेडकर ने राजनीतिक न्याय के लिए सामाजिक न्याय को आवश्यक बताया था। उनके शब्दों में, जनतांत्रिक शासन के लिए जनतांत्रिक समाज का होना जरूरी है। वास्तव में जनतंत्र शासन तंत्र नहीं, वरन समाज तंत्र है। प्राचीन काल से ही न्याय का आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष काफी महत्वपूर्ण रहा है। अरस्तु ने न्याय के लिए आर्थिक समानता को जरूरी बताया। कौटिल्य ने भी राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक दायित्वों से संबंधित नीतियों का वर्णन किया है। मार्क्सवादी विचारधारा में न्याय के आर्थिक पक्ष पर सर्वाधिक जोर दिया था। कोल ने वकालत किया था कि आर्थिक समानता के अभाव में राजनीतिक स्वतंत्रता एक ढकोसला मात्र है। एंगेल्स का कहना है कि जब सर्वहारा वर्ग राज्य सत्ता पर अधिकार करेगा और इस सत्ता के सहारे उत्पादन के साधनों को पूंजी वादियों के दुर्बल हाथों से छीन करके उन्हें सार्वजनिक संपत्ति बनायेगा तभी मनुष्य पूर्णता स्वतंत्र होगा। डॉ अंबेडकर ने भी सामाजिक एवं राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए आर्थिक स्वतंत्रता को जरूरी बताते हुए राज्य समाजवाद की वकालत की है।

अंबेडकर ने दलितों और अछूतों में एक नयी जागृति लायी। अंबेडकर का प्रादुर्भाव ऐसे समय हुआ जब हिंदू समाज में अछूतों की स्थिति जानवरों से भी बदतर थी। जानवर भी छुआ जा सकता था, पर मानव रूपी कथित अछूतों को देखना और छूना पाप समझा जाता था, गंगा स्नान कर पवित्र होना पड़ता था। अछूतों को मुख्य सड़क, मंदिर, पनघट, तालाब, आदि पर जाने पर रोक लगा रहता था। कमर में झाड़ू बांध कर चलना, हाथ और गले में पहचान हेतु काला धागा बांधना पड़ता था। इसी परिवेश में अंबेडकर का जन्म एक अछूत परिवार में हुआ था।

**डॉ अंबेडकर एवं जाति व्यवस्था**

बाबासाहेब अंबेडकर का जन्म एक महार जाति के एक गरीब परिवार में हुआ था। उनके परिवार को निरंतर सामाजिक और आर्थिक भेदभाव के अधीन रखा गया था। जाति व्यवस्था एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें एक व्यक्ति के स्थिति, कर्तव्यों और अधिकारों का भेद किसी विशेष समूह में किसी व्यक्ति के जन्म के आधार पर किया जाता है। यह सामाजिक असमानता का कठोर रूप है। वे एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने दलित समुदायों के लिए समानता और न्याय की मांग की थी। भारतीय जाति व्यवस्था में अछूतों को हिंदुओं से अलग कर दिया गया था। जिस जल का उपयोग सवर्ण जाति के हिंदुओं द्वारा किया जाता था, उस सार्वजनिक जल स्रोत का उपयोग करने के लिए दलितों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। बचपन में उन्हें महार जाति, जिसे एक अछूत जाति माना जाता है, से होने के कारण सामाजिक बहिष्कार, छुआछूत और अपमान का सामना करना पड़ता था। बचपन में स्कूल के शिक्षक उनपर ध्यान नहीं देते थे और ना ही बच्चे उसके साथ बैठ कर खाना खाते थे। उन्हें पानी के बर्तन को छूने तक का अधिकार नहीं था तथा उन्हें सबसे दूर कक्षा के बाहर बैठाया जाता था। जाति व्यवस्था के कारण, समाज में कई सामाजिक बुराइयां प्रचलित थीं। बाबा साहेब अंबेडकर के लिए धार्मिक धारणा को समाप्त करना आवश्यक था जिस पर जाति व्यवस्था आधारित थी। उनके अनुसार जाति व्यवस्था सिर्फ श्रम का विभाजन नहीं बल्कि मजदूरों का विभाजन भी था। वे सभी समुदायों की एकता में विश्वास रखते थे। ब्राह्मणों के खिलाफ गैर ब्राह्मण की रक्षा करने में उनकी जीत ने उनके भविष्य की लड़ाइयों की आधारशिला को स्थापित किया। डॉ बीआर अंबेडकर ने अपने कार्यों से हिंदू जाति व्यवस्था के खिलाफ एक शक्तिशाली प्रहार किया। उन्होंने कहा कि चावदार तालाब का सत्याग्रह केवल पानी के लिए नहीं था, बल्कि इसका मूल उद्देश्य तो समानता के मानदंडों को स्थापित करना था। उन्होंने सत्याग्रह के दौरान दलित महिलाओं का भी उल्लेख किया और उनसे सभी पूराने रीति-रिवाजों को त्यागने और उच्च जाति की भारतीय महिलाओं के जैसे साड़ी पहनने के लिए आग्रह किया।



महाड में अंबेडकर के भाषण के बाद, दलित महिलाएं उच्च वर्ग की महिलाओं के साड़ी पहनने के तरिकों से प्रभावित हुई, वहीं इंदिरा बाई चित्रे और लक्ष्मीबाई तपनीस जैसी उच्च जाति की महिलाओं ने उन दलित महिलाओं को उच्च जाति की महिलाओं की तरह साड़ी पहनने में मदद की। संकट का माहौल तब छा गया, जब यह अफवाह फैल गयी कि अछूत लोग विश्वेश्वर मंदिर में उसे प्रदूषित करने के लिए प्रवेश कर रहे हैं, जिससे वहां हिंसा भड़क उठी और उच्च जाति के लोगों द्वारा अछूतों को मारा गया, जिसके कारण दंगे और अधिक बढ़ गये। सवर्ण हिंदुओं ने दलितों द्वारा छुये गये तालाब के पानी का शुद्धिकरण कराने के लिए एक पूजा भी करवायी।

**आर्थिक एवं सामाजिक न्याय के प्रणेता**

भारतीय अर्थशास्त्री, न्यायवादी, राजनेता, लेखक, दार्शनिक और समाज सुधारक,भीमराव अम्बेडकर को बाबासाहेब के नाम से भी जाना जाता है। वे राष्ट्र पिता के रूप में भी लोकप्रिय है। डॉ भीमराव अंबेडकर को हमारे देश में एक महान व्यक्तित्व और नायक के रूप में माना जाता है। साथ ही वे लाखों लोगों के लिए वो प्रेरणा स्रोत रहेहैं। बचपन में छुआछूत का शिकार होने के कारण उनके जीवन की धारा पूरी तरह से परिवर्तित हो गयी। जिसने उन्हें उस समय का उच्चतम शिक्षित भारतीय नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। बाबासाहेब ने भारतीय संविधान के निर्माण में भी अपना अहम योगदान दिया। उन्होंने पिछड़े वर्गों के लोगों को न्याय, समानता और अधिकार दिलाने के लिए अपने जीवन को देश के प्रति समर्पित कर दिया। उनका प्रयासजाति प्रतिबंधों और अस्पृश्यता जैसे सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में उल्लेखनीय है।

डॉ अंबेडकर ने समाज में व्याप्त जाति-विभेद, अस्पृश्यता जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। एक समय था जब अस्पृश्यता के चलते समाज का अधिकांश भाग पशुवत जीवन जी रहा था। ऐसे मूक एवं गूंगे समाज का नेतृत्व करना काफी जोखिम भरा कार्य था, लेकिन इस कार्य को भी उन्होंने अपनी विद्वता से किया। डॉ अंबेडकर ने भारतीयों को यह सिद्ध कर दिखा दिया कि समाज में जितनी भी कुरीतियां हो रही है, उनका मूल कारण मनुस्मृति और इसी प्रकार के ग्रंथ हैं। एक ओर डॉक्टर अंबेडकर दलितों, शोषितों एवं नारी की समस्या को उजागर कर रहे थे, तो दूसरी ओर महात्मा गांधी सभी सहित सभी सवर्ण हिंदू अछूतों की समस्या को हिंदू समाज की आंतरिक समस्या बता रहे थे। वे देश के सामने अछूतों के मुद्दों को स्पष्ट मुद्दा नहीं बनने दे रहे थे। ऐसे समाज को अधिकार दिलाने का काम डॉ अंबेडकर ने किया।

डॉ अंबेडकर ने इस बात को सदैव दुहराया कि उनके ऊपर गौतम बुद्ध, कबीरदास और ज्योतिबा फुले का प्रभाव रहा। कबीर ने उन्हें भक्ति मार्ग दिखलाया तो ज्योतिबा फुले से उन्हें संघर्ष की प्रेरणा मिली। बुद्ध ने उन्हें मानसिक व कायिक शांति का आदेश दिया। उन्हीं के आदर्श पर चल कर उन्होंने सामूहिक धर्म परिवर्तन का काम किया। उनके आदर्श का ही अनुकरण करके दलित उद्धार का कार्य किया जा सकता है। वे अमेरिका के 14वें संविधान संशोधन से काफी प्रसन्न हुए थे, जिसके द्वारा वहां के काले नीग्रो को स्वाधीनता के अधिकार मिले थे। वे अपने छात्र जीवन के अमेरिकी प्रवास में नीग्रो आंदोलनों को गहराई और निकट से देखे। उन्हें अपने देश में अछूतों के साथ वैसे ही समस्या महसूस हुई। इसलिए उन्हें लगा कि पश्चिम का लोकतंत्र, समानता और स्वाधीनता का सिद्धांत ही हमारे देश के अछूतों का उद्धार कर सकता है। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में दलित समाज के उत्थान के लिए जो संग्राम किया, उसके जो उपाय बताये, उसके लिए उनके मन पर छात्र जीवन में अमेरिकी अंग्रेजी समाज की अमिट छाप का विशेष योगदान था। उन्होंने वहां के लोकतंत्र तथा संवैधानिक तंत्र का गहन अध्ययन किया और उसे भारतीय परिवेश में उतारने की जबरदस्त कोशिश की।

डॉ अंबेडकर ने लिखा है : मेरे स्कूल में मराठा स्त्री नौकरी करती थी। वह अशिक्षित होते हुए भी छुआछूत को पूरी तरह मानती थी। वह मुझे स्पर्श करने से परहेज करती थी। मुझे एक दिन प्यास लगी, पर मुझे पानी का चापाकल छूने की मनाही थी। मैंने अध्यापक से अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने चपरासी को आदेश दिया तब उसने नल खोला और मुझे पानी पीने को मिला अन्यथा मेरी प्यास घर जाकर ही बुझती।

डॉ अंबेडकर ने समाज में समानता लाने के लिए जिस शस्त्र का सर्वप्रथम सहारा लिया वह शिक्षा थी। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति की शिक्षा पर उन्होंने काफी बल दिया। उनका मानना था कि जिसकी बुद्धि गुलाम है वह शिक्षा के माध्यम से ही इस गुलामी से निकल सकता है। वह सभी प्रकार के बलों में शिक्षा को सर्वश्रेष्ठ मानते थे। डॉ अंबेडकर का विचार था कि श्रेष्ठ शिक्षा वही है, जो समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का पाठ पढ़ाती हो। डॉ अंबेडकर विशेषकर युवा वर्ग से आग्रहपूर्वक कह रहे थे कि शिक्षा में दूसरों से किसी भी मायने में पीछे नहीं रहें। शिक्षित होकर ही कोई व्यक्ति सशक्त हो सकता है और अपनी समस्या को किसी भी जगह उठा सकता है।

डॉ अंबेडकर ने अपनी सूझबूझ एवं क्षमता के माध्यम से ही दलितों एवं शोषितों की समस्या को देश का मुख्य मुद्दा बनाया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को प्रांत से लेकर अखिल भारतीय स्तर तक उजागर किया। जिन अछूत व दलितों को आज तक मनुष्य कहने तक में भी लोगों को एतराज था, उस लड़ाई को डॉ अंबेडकर ने राजनीतिक स्तर पर लड़ने की तैयारी कर दी। अछूतों की समस्याओं के समाधान हेतु डॉ अंबेडकर ने राजनीतिक दृष्टिकोण का प्रयोग किया। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा की वे वर्तमान सामाजिक ढांचे को बदलने के लिए राजनीतिक शक्ति को अपने हाथ में लेना चाहते थे।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय,रांची के कुलपति हैं।)**

# स्कूल में पानी का संकट, डाड़ी के पानी से बन रहा बच्चों का खाना



### विद्यालय में लगा चापाकल से नहीं आ रहा है पानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के घाघरा पंचायत के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय असरो में पानी की किल्लत से बच्चे, शिक्षक व मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया को हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल की रसोईया को है। रसोइया अनिता देवी को गांव में दूर खेत में बने डांड़ी से पानी लाना पड़ता है। तब जाकर बच्चों का मिड डे मील का खाना बनता है। विद्यालय में पेयजल की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है। जहां स्कूल के बच्चे किताब से भरी बैग के साथ पीने का पानी ढोने पर विवश हैं। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि भीषण गर्मी पड़ने से स्कूल में लगे चापानल की पानी का स्तर नीचे चला गया है, जिससे काफी देर चलाने पर चापानल से बहुत कम मात्रा में गंदा पानी निकलता है, जो पीने योग्य नहीं है। विद्यालय में कुल 430 छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए आते हैं। वहीं विद्यालय में 324 बच्चों का प्रतिदिन मध्याह्न भोजन का खाना बनाया जाता है। जिसके लिए कई लीटर पानी की आवश्यकता होती है। जहां विद्यालय के बच्चे यहां पानी की समस्या से प्रतिदिन जूझ रहे हैं। वहीं विद्यालय के रसोइया व शिक्षकों ने प्रशासन से स्कूल में पेयजल की समस्या को देखते हुए तत्काल पानी की व्यवस्था किये जाने की मांग की है। वहीं पंचायत के मुखिया रमेश उरांव से इस संदर्भ में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि स्कूल जाकर देखने के बाद ही कुछ कह सकते हैं कि पेयजल कैसे उपलब्ध कराया जाए। इधर स्कूल की प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी चौरसिया ने भीषण गर्मी में पानी की समस्या को देखते हुए पेयजल की व्यवस्था शीघ्र कराये जाने की मांग की है।

## चान्हो प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने दावत ए इफ्तार पार्टी का किया आयोजन



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो प्रखंड बाजार टांड़ में प्रखंड कांग्रेस कमेटी चान्हो के तत्वावधान में रमजान के मौके पर दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। दावत ए इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदार एवं गणमान्य लोगों ने शिरकत की। मौके पर देश में अमन चैन और तरक्की के लिये दुआ की गयी। रोजेदारों को संबोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि रमजान का महीना पवित्र महीना है। इस महीने में रोजेदारों के साथ बैठ कर इफ्तार करने से आपसी मोहब्बत और भाईचारगी को बढ़ावा मिलता है। रोजा से इबादत के साथ शारीरिक फायदे भी हैं। इस तरह के कार्यक्रम से गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा मिलता है। इससे पूर्व मौलाना साहब ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराने से काफी शवाब मिलता है। रोजेदार खुदा के नेक बंदे होते हैं। मौके पर चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मो. इश्तेयाक, मौलाना साहब, इरशाद खान, मो. इब्राहिम, अजीत सिंह, शिव उरांव, अब्दुल्लाह अंसारी, अमरेज अंसारी, महादेव भगत एवं अन्य उपस्थित रहे।

## पत्नी की हत्या का आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करवापहाड़ गांव में अपनी पत्नी की हत्यारोपी मुस्तकीम अंसारी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया है। विदित हो कि पिछले मार्च माह में मुस्तकीम अंसारी की पत्नी नजरून बीबी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी, परन्तु मृतका के मायके वाले मृतका के पति मुस्तकीम अंसारी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराते हुए हत्या का आरोप लगाया था। जिसके परिणामस्वरूप दर्ज प्राथमिकी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी सदानन्द कुमार ने बताया कि पुलिस मामले का अनुसंधान कर रही है।

## धुरकी थाना प्रभारी ने थाना गेट के समीप किया पनशाला का उद्घाटन

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना प्रभारी सदानन्द कुमार ने थाना गेट के समीप पनशाला का उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि चिलचिलाती धूप में लोग शीतल जल के लिए इधर उधर भटकते हैं। समृद्ध लोग बोतल खरीद कर पी लेते हैं, पर साधारण तबके के लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकते हैं। न्याय पाने के लिए दर्जनों लोग प्रतिदिन थाना परिसर में आते हैं, इसलिए धुरकी पुलिस ने पनशाला की व्यवस्था की है। प्यासे को पानी पिलाना सच्ची मानवता की सेवा है।

## पवित्र माह ए रमजान मुबारक अल्लाह का महीना है : सलाहुद्दीन खान



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पवित्र माह ए रमजान मुबारक अल्लाह का महीना है। यह महीना सब्र तथा गमख्वारी का भी है। इस महीने में हर मुसलमान के लिए रोजे फर्ज है। चाहे वह गरीब हो या अमीर। रमजान औरों की तकलीफ समझने का जज्बा देता है। उक्त बातें नगर उंटारी राजद प्रदेश सचिव सह पूर्व सदर सलाहुद्दीन खान ने कही। उन्होंने कहा कि कुरान ए पाक भी यही कहता है कि सच्चा मुसलमान वह है जो हर बुराई से दूर रहे केवल पूरे दिन भूखा रहना ही रोजा नहीं है बल्कि रोजेदारों के लिए कुछ नियम भी होते हैं जो हमें हाथ, पैर, कान, नाक तथा जबान से भी होने वाले गुनाहों से बचाता है। उन्होंने कहा कि यह महीना माफी का महीना है इस माह में अल्लाह इंसानों के सभी गुनाहों को माफ कर देता है। उन्होंने कहा कि पवित्र माह ए रमजान प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। बुराइयों से दूर रहकर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए तथा मुल्क की तरक्की की दुआ भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजेदारों के मानें तो रमजान पवित्र रहमत एवं बरकतों का महीना है। सुबह में शहरी एवं शाम में इफ्तार का आयोजन इसकी अनूठी पहचान है। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान में आपसी प्रेम दूसरे महीने से कहीं ज्यादा सभी मजहब के लोगों में दिखाई पड़ता है।

**कार्यक्रम :** कस्तूरबा विद्यालय अनगड़ा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

# छात्राओं को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिलाया गया संकल्प

### पीरामल फाउंडेशन के देवेश सक्सेना ने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व और उनके दायित्व के बारे में विस्तार से बताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अनगड़ा के तत्वावधान में गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत कस्तूरबा बालिका विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सामाजिक जीवन में स्वच्छता के महत्व एवं उनके दायित्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

मौके पर पीरामल फाउंडेशन के देवेश सक्सेना ने छात्राओं को हाथ की साफ-सफाई, शौचालय का उपयोग, शुद्ध पानी का बचाव, पर्यावरण संरक्षण, विद्यालय की सफाई, अपने घर के आसपास की साफ-सफाई आदि पर विशेष ध्यान देने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर छात्राओं के बीच स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संबधित विषयों पर स्लोगन, निबंध और लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की वार्डन विमला कुजूर एवं संचालन देवेश सक्सेना ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएचसी प्रभारी डॉ अमरेन्द्र प्रसाद, कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश कुमार, अजय, शिक्षिका बबीता, सीता, राधिका, सुनीता, अंजू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सीएचसी अनगड़ा में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा




अनगड़ा (आजाद सिपाही)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अनगड़ा में गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर सीएचसी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें चिकित्सकों सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी, सहिया, जल सहिया व कर्मचारियों ने भाग लिया। मौके पर पिरामल फाउंडेशन के देवेश सक्सेना द्वारा स्वच्छता को स्वास्थ्य से जोड़ते हुए एक विशेष प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वस्थ जीवन में स्वच्छता का क्या महत्व और भूमिका है इसके बारे में विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण में पौधरोपण, जल व पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर भी लोगों को जागरूक व प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ अमरेन्द्र प्रसाद, बीपीएम शैलेश कुमार, अजय कुमार सहित अन्य चिकित्सकों और कर्मचारियों ने अहम योगदान दिया।

# लापुंग प्रखंड में आठवीं की बोर्ड की परीक्षा संपन्न

### प्रखंड के छह केंद्रों में 1226 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में लिया हिस्सा, 16 रहे अनुपस्थित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में आठवीं की बोर्ड परीक्षा गुरुवार को छह अलग-अलग परीक्षा केंद्रों कदाचार रहित तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गयी। एक ही दिन दो अलग-अलग पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। स्कूली छात्र-छात्राओं ने पहली बार ओएमआर शीट पर प्रश्नों के उत्तर दिये। कई छात्र-छात्राएं ओएमआर शीट पर गोल घेरे को काले रंग से घेरने में असमर्थ नजर आ रहे थे। शिक्षक शिक्षिकाओं ने ऐसे छात्रों का मार्गदर्शन किया। राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया परीक्षा केंद्र में 204 छात्र-छात्राओं में से दो अनुपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक प्रकाश उरांव सह केंद्राधीक्षक नागेश प्रसाद की देखरेख तथा कुशल नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा आयोजित की गई। वहीं दूसरी ओर राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया परीक्षा केंद्र में 82 में से 81 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा आयोजन में यहां केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापिका स्वर्ण लता कुजूर, संचिता टोप्पनो, वीक्षक के रूप में रेखा आरती कुजूर, दिव्या कांता कच्छप, आगुस्टीन लकड़ा सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग परीक्षा केंद्र में 329 में से 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग परीक्षा केंद्र में 213 में से दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक जीवेश्वर साय ने परीक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा परीक्षा केंद्र में 79 में से सभी परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। वहीं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जातालोया परीक्षा केंद्र में 335 में से सात परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा के प्रधान शिक्षक सह केन्द्राधीक्षक बहादुर उरांव, लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधान शिक्षक सह केन्द्राधीक्षक अमरेन्द्र कुमार राय तथा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जातालोया में केन्द्राधीक्षक सुचिता लकड़ा सहित अन्य शिक्षकों खासकर वीक्षकों ने परीक्षा के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।ककरिया में समीउल्लाह हक, वीक्षक के रूप में अरसेन होरो, हफिन्द्र प्रधान, संजय महतो, संजीव कुमार खलखो, महावीर राम सहित उत्तम कुमार मंडल, सूरज प्रसाद सिंह, जितेंद्र उरांव, काली चरण चौधरी सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कांडी के आठ परीक्षा केंद्रों पर 2331 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** प्रखंड के आठ परीक्षा केंद्रों पर गुरुवार को वर्ग 8 की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई। आज की इस परीक्षा में 2331 परीक्षार्थी शामिल हुए।

बता दें कि परीक्षा के लिए प्रखण्ड में आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय लमारी कला परीक्षा केंद्र पर 342 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखी। जबकि उच्च विद्यालय गरदाहा परीक्षा केंद्र पर छह विद्यालय के 349, जमा दो उच्च विद्यालय कांडी परीक्षा केंद्र पर 10 विद्यालयों के 524, शाहीदेव उच्च विद्यालय खरौंधा परीक्षा केंद्र पर 03 विद्यालय के 193, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय बरवाडीह परीक्षा केंद्र पर 03 विद्यालय के 173, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय बलियारी परीक्षा केंद्र पर 02 विद्यालय के 100, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सोहगड़ा परीक्षा केंद्र पर 03 विद्यालय के 186 व उच्च विद्यालय हरिहरपुर परीक्षा केंद्र पर 06 विद्यालय के 464 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

वहीं प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी विद्या सागर मेहता ने प्रखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

**बैठक :** केसरवानी वैश्य सभा नगड़ी की आमसभा का आयोजन

# सत्र 2023-2026 के लिए नयी समिति का गठन

### जीवन केसरी उर्फ रामजीवन अध्यक्ष, दिनेश केसरी महामंत्री तथा दीपक केसरी कोषाध्यक्ष चुने गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** केसरवानी वैश्य सभा नगड़ी की आम सभा का आयोजन सत्संग भवन आयोजन किया गया। आम सभा की अध्यक्षता समाज के पूर्व अध्यक्ष द्वारिका नाथ साहू ने की। मौके पर केसरवानी वैश्य सभा की पुरानी कमेटी को भंग कर नयी समिति का गठन किया गया।

मौके पर चयन समिति के सदस्यों में नगड़ी के वरिष्ठ समाजसेवी तपेश्वर केसरी, दौलतराम केसरी, मोहन चौधरी, पूर्व अध्यक्ष द्वारिका नाथ साहू और पूर्व महामंत्री हेमंत केसरी शामिल थे। चयन प्रक्रिया में उपस्थित सैकड़ों केसरवानी समाज के लोगों ने केसरवानी वैश्य सभा के सत्र 2023-2026 के लिए सर्वसम्मति से नगड़ी के समाजसेवी जीवन केसरी उर्फ रामजीवन केसरी को अध्यक्ष के रूप में चयन किया। वहीं महामंत्री के लिए नगड़ी पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी दिनेश केसरी तथा कोषाध्यक्ष पद के युवा समाजसेवी दीपक केसरी पंसस का चयन किया गया। इनके चयन पर उपस्थित सैकड़ों लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया एवं बधाई दी।

मौके पर बधाई देने वालों में वरीय समाज सेवी तपेश्वर केसरी, दौलत राम केसरी, मोहन चौधरी, द्वारिका केसरी, हेमंत केसरी, डा त्रिवेणी नाथ साहू, प्रो. प्रेम सागर केसरी, सागर केसरी, मोहन केसरी, लक्ष्मी नारायण केसरी, सीताराम केसरी, ई. अजीत केसरी, अनिल केसरी, आंनद केसरी, जगरनाथ साहू, मकसूदन साहू, शंकर चौधरी, राकेश केसरी, राजेश केसरी, राहुल चौधरी, आदित्य केसरी, दीपक केसरी, भोला केसरी, मनीष केसरी, रवि केसरी, अरविंद केसरी, शंभू चौधरी, अनिल चौधरी, मदन केसरी, राजू केसरी, संजीव केसरी, राहुल केसरी, रघुनंदन केसरी, सुंदर केसरी, राधेश्याम केसरी, देवा केसरी, अक्षय केसरी, विजय केसरी, अंकित केसरी सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## विधायक ने मैदान समतलीकरण और नाली गार्डवाल निर्माण का किया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड के लाली बालघुटू हेसलाटोली में फुटबॉल मैदान समतलीकरण, लाली जराटोली में गार्डवाल निर्माण एवं संत कैथरीना हाई स्कूल आरा में पेवर ब्लाक बिछाई कार्य का शिलान्यास विधायक निधि से गुरुवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि गांव के मैदान के समतलीकरण होने से बालक-बालिकाओं को खेलने की जगह उपलब्ध हो जायेगी जो उन्हें राज्य और देश के पटल पर जाने का रास्ता बनाएगी। मौके पर अशोक कुमार मिश्र, अर्चना मिश्र, विजय टोप्पो, महेश्वर महतो, अरविंद कुमार महतो, दल गोविन्द महतो, हरिमोहन महतो, विजय कच्छप, साकिर अंसारी, छोटेलाल महतो, जयपाल होरो, सुरेन्द्र महतो, संजीत तिर्की, बिलसिंग लकड़ा, जगरनाथ महतो, पंचू तिर्की, दिनेश चंद प्रमाणिक के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेड़ो में 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ 26 अप्रैल से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मैदान बेड़ो में अखिल विश्व गायत्री परिवार, प्रज्ञा मंडल बेड़ो के तत्वावधान में 26 अप्रैल से आहूत चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर गायत्री परिवार बेड़ो के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जहां यज्ञ के पहले दिन 26 अप्रैल को कलशयात्रा, संध्या में युग गायन एवं युग संदेश, दूसरे दिन 27 अप्रैल को देवपूजन गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, तीसरे दिन 28 अप्रैल को गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार, चौथे दिन 28 अप्रैल को गायत्री महायज्ञ संस्कार तथा पूणार्हुति एवं टोलियों को भावभीनी विदाई दी जाएगी।

## नारायण वन स्थित सूर्य मंदिर के स्थापना दिवस पर भव्य दुगोला कार्यक्रम आज



**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार प्रखंड के नारायण वन स्थित सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर परिसर में भगवान सूर्य की प्रतिमा प्रतिष्ठापना के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर मीडिया ग्रुप के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए मीडिया ग्रुप अध्यक्ष के विकास कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर नारायण वन के प्रांगण में भव्य दुगोला मुकाबला का आयोजन किया गया है। जिसमें कल शुक्रवार की शाम उत्तर प्रदेश के निर्मला यादव एवं झारखंड की ओर से दयानंद तिवारी के बीच महामुकाबला होगा। इसको लेकर नारायण वन में जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। नारायण वन में साफ सफाई, पेयजल, स्टेज निर्माण सहित मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। बताया गया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड क्षेत्र के गांवों में जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्रथम स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने को लेकर गांव के लोग काफी उत्साहित हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार ने मंदिर परिसर में कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए निरीक्षण कर विधि व्यवस्था की जायजा लिया। विदित हो कि मंदिर निर्माण के बाद पिछले वर्ष 14 अप्रैल को भगवान सूर्य की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। इस मौके पर मंदिर विकास समिति के संरक्षक अजय वर्मा, अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, उपकोषाध्यक्ष शिव भरोस सिंह, रिशु सिंह, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, राज किशोर सिंह, संतोष कुमार ठाकुर, संदीप कुमार, गोकुल कुमार, सूरज वर्मा, अंगद कुमार, ज्वाला कुमार, पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी प्रखंड के मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

## भवनाथपुर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के विरुद्ध चलाया छापामारी अभियान

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान थानेदार रामेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में चलाया गया। रेलवे कॉलोनी में छापेमारी कर शराब बनाने वाले का 40 किलोग्राम जावा महुवा को नष्ट किया। पुलिस की इस कार्रवाई से महुआ शराब विक्रेताओं में हड़कंप है। इससे पहले भी पुलिस ने महुआ शराब बनाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की है, फिर भी अवैध रूप से महुआ शराब बनाने वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। थाना प्रभारी ने शराब विक्रेताओं को हिदायत देते हुए कहा कि महुआ शराब बनाने वाले और बिक्री करने वाले सुधर जाएं, क्योंकि पुलिस द्वारा अब लगातार छापेमारी अभियान चलाया जायेगा। छापेमारी में थाना प्रभारी के साथ एसआई सहदेव साह दल बल के साथ शामिल थे।

## लड़की की मांग में जबरन सिंदूर भरने के आरोपी को तीन वर्ष की सश्रम कारावास एवं 10 हजार का जुर्माना

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी एक युवक को गांव की लड़की के साथ छेड़खानी व उसकी मांग में जबरन सिंदूर भरने के आरोप में तीन वर्ष की सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी गयी है। यह घटना 13 महीना पहले की है, जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला की पोक्सो विशेष अदालत ने फैसला सुनाया है। मालूम हो कि कांडी थाना क्षेत्र के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत महंत श्री रामचंद्र पुरी उच्च विद्यालय गरदाहा की नवम कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी करते हुए उसी के गांव सोनपुरवा निवासी युवक राकेश कुमार यादव, पिता उमेश यादव ने छात्रा की मांग में जबरन सिंदूर भर दिया था। यह घटना 26 फरवरी 2022 को स्कूल पीरियड की है। इस घटना के बाद रोते हुए छात्रा ने अपने घर जाकर परिजनों को सारी बात बतायी। इसके बाद इस गंभीर मामले को लेकर परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया, जबकि आरोपी युवक घटना के बाद से ही न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल में बंद है। उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। इस मामले की गढ़वा न्यायालय स्थित पोक्सो अदालत में सुनवाई की जा रही थी। इस दौरान 12 अप्रैल 2023 को आरोपी राकेश कुमार यादव को तीन वर्ष की सश्रम कारावास एवं 10 हजार जुर्माना की सजा सुनायी गयी है। मालूम हो कि जबरन सिंदूर देने की इस घटना की इलाके में जोरदार चर्चा हुई थी। सभी लोगों ने इसके लिए आरोपी युवक की कड़ी भर्त्सना की थी। साथ ही अदालत से कठोर कानूनी सजा की मांग की गयी थी।

# रमजान माह में नहीं होगी पानी की किल्लत: महापौर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने गुरुवार को निगम द्वारा टैंकर से पानी आपूर्ति किए जाने का निरीक्षण करने मुस्लिम बस्ती शाह मोहल्ला, ट्रेनिंग स्कूल एवं वार्ड नंबर 26, 27, 28 के कई स्थानों में पहुंची। वहां टैंकर द्वारा पानी आपूर्ति की व्यवस्था को देखा. महापौर ने कहा कि मुस्लिमों के रमजान महीने में पानी की खपत बढ़ जाती है। कई लोग बाहर काम करने वाले इस पवित्र माह में अपने घर आते है और परिवार के साथ इस नेक पाक साफ त्योहार को इकट्ठे मनाते है। इस लिए निगम की जिम्मेदारी है कि इस पवित्र महीने में हम उन्हें भरपूर पानी उपलब्ध कराएं। महापौर ने कहा कि हमारे सभी पार्षद अपने-अपने वार्ड में निगम द्वारा संचालित पानी उपलब्ध कराने में लगे हैं। फिर भी जिस वार्ड में और पानी की जरूरत होगी उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। महापौर ने यह भी कहा कि किसी मोहल्ले के कोई भाग में अगर पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तो मोहल्ला वासियों के सामूहिक हस्ताक्षर के साथ मुझसे मिले। मैं वहां विसेष टैंकर दूंगी। इस दौरान वार्ड पार्षद हसबुन निशा, नाइमा बीबी, कलाम खान एवं कई गणमान्य मौजूद थे।

## पांच दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का समापन



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में शुरू हुए पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। प्रातः काल समापन शिविर के बाद छतरपुर प्रखंड की पतंजलि के सभी समिति का पुनर्गठन किया गया। शिविर के समापन के साथ ही उच्च विद्यालय के मैदान में ही 14 अप्रैल से दैनिक योग कक्षा प्रातः 5:00 से 6:30 तक, पतंजलि योग समिति के प्रभारी विजय कुमार गुप्ता के द्वारा चलाया जाएगा। रामगढ़ दैनिक योग कक्षा का संचालन पतंजलि किसान सेवा समिति के प्रभारी भोला यादव द्वारा किया जाएगा। इस शिविर के आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे राजनीश कुमार को प्रखंड के युवा भारत का प्रभारी बनाया गया। राजनीश कुमार के नेतृत्व में 12 अप्रैल को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारा के प्रांगण में बाल संस्कार व चरित्र निर्माण शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर समापन पश्चात स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल मसीहानी एवं बाल विद्या निकेतन आवासीय विद्यालय रामगढ़ के छात्रों के बीच में बाल संस्कार व चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। युवा भारत के प्रखंड प्रभारी राजनीश कुमार प्रखंड के सभी विद्यालयों में योग के माध्यम से युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे। भारत स्वाभिमान के प्रभारी के रूप में रमेश यादव प्रखंड के योग के विस्तार में अपने भूमिका निभाएंगे। इन सभी संगठनों की गतिविधियों को सोशल मीडिया,प्रिंट मीडिया के माध्यम से पूरे प्रमंडल में प्रचारित प्रसारित करने के लिए महेश यादव को मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया। समिति के सभी सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन का संकल्प लेते हुए संगठन को दान देकर आर्थिक रूप से भी मजबूत करने का कार्य किया। इस अवसर पर पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी ओंकार नाथ, भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी राजीव शरण, वरिष्ठ योग शिक्षक प्रमोद कुमार शर्मा, रामदेनी यादव, मोहन प्रजापति, अनुपम कुमार चौधरी, बनारसी प्रजापति, भोला यादव, गुप्ता प्रसाद, छोटू सोनी ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

## अगलगी से पीड़ित परिवार को जिप सदस्य ने की सहायता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** उतरी जिप सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता ने अगलगी के भुक्तभोगी को अनाज उपलब्ध कराकर मदद की। बताया कि बैराव पंचायत के गेडूराही गांव के तपेश्वर मेहता के घर आग लग जाने के कारण घर में रखा अनाज, 20 हजार रुपये नकद समेत अन्य सामग्री जलकर खाक हो गयी थी। इसकी जानकारी मिलने पर जिप सदस्य राजू मेहता ने पीड़ित परिवार को चावल और गेहूं देकर सहयोग किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है। वहीं, भुक्तभोगी परिवार ने जिप सदस्य के प्रति आभार जताया। इस मौके पर प्रयाग मेहता, सुरेश मेहता, राजेंद्र मेहता, उदय यादव, पिंटू मेहता, सनोज मेहता, ललन चौधरी, रामावतार मेहता, महेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### लंबित आवास योजना को लेकर एसडीओ ने की बैठक

# पीएम आवास पूरा न करनेवालों पर दर्ज करें सर्टिफिकेट केस : एसडीओ

आजाद सिपाही संवददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कमलेश्वर नारायण ने आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बीडीओ, सीओ, पंचायत प्रतिनिधि, आवास कोऑर्डिनेटर, रोजगार सेवक व पंचायत सेवक सहित आवास योजना से जुड़े कई कर्मी उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ रतन कुमार सिंह ने पंचायत वार आवास योजना की जानकारी दी। बताया कि अभी भी 2016-22 तक 634 आवास लंबित है। बैठक में अधूरे भवन का निर्माण नहीं होने की स्थिति पर भी चर्चा की। इसके बाद संबंधित लोगों को पंचायत स्तरीय जिम्मवारी सौंपी। इसके तहत एसडीओ भी खुद सुदूरवर्ती पंचायत महूदंड के अलावा देवरी कला पंचायत में लंबित आवास की स्थिति का निरीक्षण करेंगे। साथ ही सीओ व बीडीओ भी क्षेत्र के कई पंचायत में आवास योजना का स्थलीय निरीक्षण कर पूरा करने की दिशा में कार्य करेंगे। इस अवसर पर एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने कर्मियों को हर हाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि आवास का पूर्ण नहीं होना लापरवाही है। कहा कि सभी संबंधित कर्मी आवास योजना को पूरा करने में सक्रियता दिखाए अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बैठक में राशि लेकर आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुक के खिलाफ सर्टिफिकेट केश दर्ज करने का निर्देश दिया। बैठक में सीओ नंद कुमार राम, बीडीओ रतन कुमार सिंह, आवास कोऑर्डिनेटर अजय कुमार, मुखिया नरेश कुमार पासवान, अमरेंद्र कुमार ठाकुर, विनोद कुमार सिंह, आत्मेश कुमार सिंह, श्रवण राम, सरिता कुमारी, ममता देवी, मनोज राम, मुखिया पति शिव शंकर यादव, रामलखन यादव, अशोक यादव, रामजी राम, विजय राम, योगेंद्र सिंह, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, वशिष्ठ तिवारी, रोजगार सेवक शंभु तिवारी आदि मौजूद थे।



बैठक में शामिल एसडीओ, सीओ, बीडीओ, स्थानीय प्रतिनिधि व कर्मी।

## मिशन समृद्धि संस्था ने किया कपड़ों का वितरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था एक ऐसी संस्था है जिसके द्वारा अनवरत समाज में नेक काम होते रहते हैं। निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला के बच्चों द्वारा दोना पत्तल, दातून बेचने वालों और सूदूरवर्ती गांवों में जरूरतमंदों के बीच कपडों का वितरण हमेशा होता रहा है। मेदिनीनगर के कला पोखराहा गांव में कपड़ों का वितरण किया जाता है। इसी कडी में फिर एक बार कपड़ों का वितरण किया गया। इसके लिए शिक्षिका श्वेता सिन्हा, रेडियो उद्घोषिका शालिनी श्रीवास्तव, प्रो सरिता कुमारी, नवल तुलस्यान, अहिल्या गिरी, बैजन्ती गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, इस नेक कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं।

## पीसीसी पथ निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को लेकर नाराजगी

**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड के लहरबंजारी पंचायत के कुटमू गांव में बांकी नदी पुल से पिपल चबुतरा तक जिला योजना अनाबद्ध निधि से पीसीसी पथ निर्माण का कार्य चल रहा है। जहां संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। लहर बंजारी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में जो भी मैटेरियल लगाया जा रहा वह घटिया है। वहीं कई ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री लगायी जा रही है। मुखिया ने बताया कि शिलापट्ट पर प्राक्कलित राशि भी नहीं दर्शाया गया है। सड़क निर्माण कार्य में लग रहे घटिया सामान से मुखिया सहित कई ग्रामीणो में रोष व्याप्त है। मुखिया अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सरकार पैसा दे रही है लेकिन गलत तरीके से इस्तमाल किया जा रहा है। मेरे पंचायत में किसी भी प्रकार का गलत काम नहीं होने दिया जाएगा। उक्त सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को लेकर जांच करने की मांग जिला प्रशासन के द्वारा जांच के लिए आग्रह किया है।



## पांकी विधायक ने सचिवालय घेराव में शामिल भाजपाइयों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बीते दिनों रांची सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी पंचायत प्रभारी को लेकर नीलांबर-पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने वाले कार्यकर्ताओं को पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। पलामू के भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने भी सभी को सम्मानित किया। इस मौके पर पांकी विधानसभा के भाजपा जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता,अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, तरहसी प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, नीलाम्बर-पीताम्बरपुर प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, प्रसिद्ध सिंह, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, मनातू सांसद प्रतिनिधि बिगू साव, रंजय ठाकुर, रोशन सिंह, साधू मांझी, संजय चंद्रवंशी, चंदन सोनी, राजदेव मेहता, सतबरवा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह, अनिल मेहता, अजय उरांव, अशोक यादव, सुधीर तिवारी, देवराज कुमार साव, दिलीप मेहता, शैलेंद्र सिंह, बाबूलाल सिंह, विनोद राम, गोपाल यादव, धर्मेन्द्र मेहता, समाजसेवी विरेंद्र मेहता, अमारिक भुइयां, जितेंद्र मेहता, प्रभास मेहता, रविरंजन मेहता आदि उपस्थित थे।



आंदोलन को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं के साथ पांकी विधायक।

### पलामू के तापमान पर काबू पाने के लिए सभी को करना होगा पौधरोपण: कौशल



पर्यावरणविद ने आकाश बाग में किचेन प्लांट लगाकर मनाया पोती आराध्या का जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ आकाश बाग में किचेन प्लांट लगाकर अपनी पहली पोती आराध्या का 10वां जन्मदिन मनाया। पर्यावरणविद ने वर्ष 2005 में अपने घर के उपरी तल्ले पर आकाश बाग की शुरूआत की थी। आराध्या पर्यावरणविद कौशल किशोर के बड़े बेटे अरुण कुमार जायसवाल की प्रथम पुत्री है। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण करवाने के बाद सभी सदस्यों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाई। कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाएं। धर्म के अवधारणा के तहत जन, जल, जंगल, जमीन, जानवर, पक्षी और प्रकृति को बचाने का उद्देश्य है। पर्यावरण धर्मगुरु ने कहा कि अगर पलामू प्रमंडल को प्रकृति की ब्लैक शैडो जोन से मुक्ति दिलाना है तो सभी लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को भी अपनाना होगा। नहीं तो वो दिन अब दूर नहीं जब यहां के लोगों को भीषण गर्मी से बचने के लिए पलामू को छोड़कर अन्यत्र पलायन करना होगा। वहीं, आराध्या की दादी और संस्था की प्रधान सचिव सह डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि सभी माता-पिता को अपने बच्चों को बचपन से ही उनके जन्मदिन पर पौधा लगाने और बचाने का शिक्षा और संस्कार देना चाहिए। वहीं, आराध्या के पिता प्रो अरुण जायसवाल ने कहा कि उनके पिता पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए देश विदेश के विभिन्न भागों में जाकर लोगों को जागरूक किया है। इस मौके पर छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल, शिल्पा जायसवाल सुमित कुमार, अमन कुमार, मिट्ठू सिंह, पिंकी सिंह, नेहा आदि उपस्थित थीं।


OFFICE OF THE
EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION
DEPARTMENT
BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.

CORRIGENDUM

Tenders Postponed vide PR No.- 292876 (Building) 22-23*D has been Group No.- 27 to 50 reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 17.04.2023 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 18.04.2023 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR.NO.295135 Building(23-24):D



ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/02/2023-24 दिनांक– 13/04/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | नवनिर्मित झारखण्ड विधान सभा, धुर्वा रॉंची स्थित 4 अदद् 600TR सेन्ट्रलाईज वातानुकूलित संयंत्र के वार्शिक सम्पोषण का कार्य। | 1,42,32,052=00 | 10,000=00 | 2,85,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25.04.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 26.04.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 03.05.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 04.05.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता–सह–मुख्य विद्युत निरीक्षक, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 295126 Energy(23-24)#D



Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
(SLDC) Building, Kusai Colony, Ranchi-834002 (Jharkhand)
Tele. No.-0651-2490894, Fax. No.0651-2490486

SHORT TENDER NOTICE

NIT No. 23 / PR/ JUSNL/ 2023-24

Tender in two parts containing Technical and Commercial Part (Part – I) and Price Part (Part – II) are invited in original from reputed, capable, experienced and financially sound firm/Authorized Service Provider/Registered OEM/Supplier/Proprietorship firms/Partnership firms for the work as scheduled below:

| | |
|---|---|
| Name of Work | Comprehensive Annual Maintenance Contract of 14 nos. Air Conditioning Machines (Carrier make) installed at SLDC office, Kusai Colony, Doranda, Ranchi for a period of 02 years. |
| Completion Period | 02 Years from the date of acceptance of the Work Order. |
| Price of the tender documents and B.O.Q (Non-refundable) | Rs. 886.00/- only in the form of DD in favour of SLDC/ULDC, payable at Ranchi. |
| Earnest Money Deposit (Refundable) | Rs. 7500.00/- (Rupees Seven Thousand Five Hundred) only in the form of DD in favour of SLDC/ULDC, payable at Ranchi. |
| Start date and time of sale of tender documents | 17.04.2023 from 11:00 AM |
| Last date and time of sale of tender documents | 25.04.2023 up to 05:00 PM |
| Last date and time of submission of tender documents | 02.05.2023 up to 05:00 PM |
| Due date and time of opening of tender documents (part-I) | 03.05.2023 at 12:00 PM |
| Date and time of opening of price part (part-II) | Will be communicated later on. |
| Procurement Officer and address for communication | GENERAL MANAGER (SLDC), JUSNL, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002. Email: uldc.jusnl@gmail.com |

1. Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be purchased from the Office of GENERAL MANAGER (SLDC), JUSNL, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002. Any details required in this regard can also be have on mobile number: 9835715518 during office hours.
2. The bid will be received by hand only. Bidders are advised to purchase their bids well in advance to avoid last minute obstacle.
3. Bid document must be submitted on or before given date and time of the tender.
Note: The submitted tender document shall be properly paginated and must be clearly readable failing which the bidder summarily be rejected.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, (SLDC)
Ranchi

PR 295146 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(23-24)D


## स्पोर्ट्स



सीएसके की मुश्किले बढ़ती ही जा रही है। उसके तेज गेंदबाज सिसांडा मगाला चोटिल हो होकर दो सप्ताह के लिए आइपीएल से बाहर हो गए हैं। इसकी जानकारी कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने दी है।

### घुटने की चोट से जूझ रहे सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, कई अन्य भी चोटिल

# सिसांडा मगाला दो सप्ताह के लिए बाहर, राजस्थान के खिलाफ फील्डिंग के दौरान लगी चोट

एजेंसी

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 (आइपीएल) के 17वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बड़ा झटका लगा है। सीएसके के तेज गेंदबाज सिसांडा मगाला चोटिल हो गए हैं। वह कम से कम दो सप्ताह के लिए बाहर हो गए हैं। वहीं टीम के कप्तान एमएस धोनी भी इस दिनों घुटने की चोट से जूझ रहे हैं। यह जानकारी सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने दी। फ्लेमिंग ने कहा, धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं जो कि आप उनके कुछ मूवमेंट में देख सकते हो। इससे उन्हें थोड़ा परेशानी हो रही है। वहीं मगाला बुधवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुए मुकाबले में फील्डिंग के दौरान चोटिल हुए। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लेमिंग ने कहा कि मगाला अब दो सप्ताह तक टीम में चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। साउथ अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने केवल दो ओवर की गेंदबाजी की और बिना कोई विकेट लिए 14 रन दिए। कोच ने कहा कि बेन स्टोक्स पर रोजाना अपडेट ली जा रही है और वह जल्द ही खेलने के लिए फिट हो जाएंगे।



### सीएसके का पीछा नहीं छोड़ रही चोट

मगाला को उरङ ने न्यूजीलैंड के काइल जैमिसन के रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया था। जैमिसन भी चोट के चलते लीग के पूरे सीजन से बाहर हो चुके हैं। वहीं बाएं हाथ के पेसर मुकेश चौधरी भी लीग शुरू होने से पहले ही पूरे सीजन से बाहर हैं। मगाला से पहले तेज गेंदबाज दीपक चाहर और ऑलराउंडर बेन स्टोक्स पहले से ही बाहर चल रहे हैं। दीपक चाहर को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ एक ओवर फेंकने के बाद चले गए।

## बोकारो में आजसू ने निकाला सामाजिक न्याय मार्च, डीसी को ज्ञापन सौंपा

# झारखंड में चल रही लूट-भ्रष्टाचार की सरकार, जाना तय: डॉ लंबोदर

## जातिगत जनगणना जल्द से जल्द करायी जाये : उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिला आजसू कमेटी की ओर से गुरुवार को जिला स्तरीय न्याय मार्च का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता-नेतृत्व पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने की। तय कार्यक्रम के तहत हवाई अड्डा स्थित बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए जिला उपायुक्त कार्यालय तक पैदल चलकर जिला, प्रखंड, नगर एवं पंचायत के हजारों आजसू कार्यकर्ता बोकारो जिला समाहरणालय पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम डीसी को विभिन्न राज्य स्तरीय मुद्दों पर मांग पत्र सह ज्ञापन सौंपा। इसमें खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति लागू करने, जातीय जनगणना एवं पिछड़ों को आबादी अनुसार आरक्षण सुनिश्चित करने, पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थे उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करने, सरना धर्म कोड लागू करने, बेरोजगारों को खतियान



न्याय मार्च निकाल कर डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते आजसू के नेता-कार्यकर्ता।

आधारित स्थानीय नीति के तहत रोजगार देने, झारखंड के संसाधनों की लूट बंद करने और झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देना आदि मुद्द पर झारखंड सरकार व प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि झारखंड में लूट-खसोट की सरकार चल रही हैं। पार्टी सात मांगों को लेकर पिछले एक साल से आंदोलन कर रही हैं। जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक लड़ रहे हैं. सरकार बालू, कोयला, पत्थर, लोहा चोरी करवाने में व्यस्त हैं। वहीं, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि झारखंड की जनभावना और बड़ी आबादी के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत आज बोकारो जिला में सामाजिक न्याय मार्च निकाली गई। इसके जरिए आजसू राज्य सरकार को सचेत भी करती है कि उलझने पैदा करने के बजाय लोकहित में शीघ्र निर्णायक कदम उठाएं। अविलंब खतियान आधारित नियोजन नीति बनाकर रिक्त सभी सरकारी पदों को भरे। जातीय जनगणना निहायत जरूरी है। झारखंड में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बढ़ाने की बहुप्रतीक्षित मांग जातीय आबादी के दावे के साथ सालों से उठती रही है। इसीलिए जातिगत जनगणना जल्द से जल्द कराया जाए। सरना धर्म कोड लागू और झारखंड के खनिज संपदा की लूट बंद की जाए. शासन-प्रशासन इस मामले में ईमानदार और पारदर्शी कदम उठाएं। झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देते हुए उनके चिन्हित करके पर्याप्त पेंशन और फ्रीडम फाइटर का दर्जा दे। वहीं, जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा भीम राव अंबेडकर जयंती मनाने का हक इस संविधान विरोधी सरकार को नहीं हैं। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बबिता कुमारी, जरीडीह विधानसभा प्रभारी काशीनाथ सिंह, केंद्रीय सचिव अश्वनी महतो, भोला नाथ गोप, राजेश विश्वकर्मा, दुर्गा चरण महतो, नवीन महतो, बिगन महतो, राजेश महतो, टिकैत महतो, रमा देवी, फकरूद्दीन अली, बिनोद कश्यप, तापेश महतो, जीवन जगन्नाथ, लक्ष्मण प्रताप सिंह, कार्तिक गोराई दीपक महतो, महेंद्र चौधरी, अनिल झा, अरविंद पांडे, संजय दास, जुबैर अहमद, उमाशंकर महतो, भरत महतो, नरेंद्र महतो, अमर लाल महतो, कुलदीप ठाकुर, सुदामा सिंह, रंजीत बर्नवाल, खुदेश्वरी देवी अरुण महतो, मंजूर आलम, महेश देशमुख, मिश्रीलाल महतो, मनोज दास, महेंद्र नाथ महतो, नरेश महतो, परसुराम महतो, मिथलेश महतो आदि उपस्थित थे।

# आजसू ने निकाला सामाजिक न्याय मार्च, धनबाद डीसी को सौंपा ज्ञापन





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सात सूत्री मांग को लेकर गुरुवार को आजसू के जिला अध्यक्ष मंटू महतो के नेतृत्व में शहीद रणधीर वर्मा चौक से डीसी कार्यालय तक सामाजिक न्याय मार्च निकाला गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रवक्ता ने बताया कि झारखंड की जनभावना और बड़ी आबादी के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत सभी जिला मुख्यालयों में न्याय मार्च निकाली गई है। इसके जरिए राज्य सरकार को सचेत किया जा रहा है कि उलझनें पैदा करने की बजाय लोकहित में शीघ्र निर्णायक कदम उठाये। आजसू राज्य में अविलंब खतियान आधारित नियोजन नीति बनाकर रिक्त सभी सरकारी पदों को भरने की मांग करती है। साथ ही रोजगार सृजन के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं, जिससे बेरोजगारों में व्याप्त निराशा और हताशा दूर हो सके।झारखंड में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बढ़ाने की बहुप्रतीक्षित मांग जातीय आबादी के दावे के साथ सालों से उठती रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने इस बाबत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखकर आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया था। अलग-अलग मंचों से भी वे इसकी जरूरत की वकालत करते रहे हैं। लेकिन सरकार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। आरक्षण के सवाल पर झारखंड में पिछड़ा वर्ग के साथ धोखा और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्टी सरकार से पुनः मांग करती है कि जनभावना के अनुरूप उपरोक्त सात सूत्री मांगों पर समुचित और अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित हो। इस मौके पर केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, सचिव राधे श्याम गोस्वामी, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरिधारी महतो, सदस्य कुल्लू चौधरी, वीरेंद्र निषाद, शफीक आलम, रमेश मुनि, हलधर महतो, जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी, भास्कर ओझा, महबूब आलम, हीरा लाल महतो, दयानंद महतो, वंशराज कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, गोपाल महतो, पप्पू सिंह, जीतू पासवान, संतोष पासवान, शेखर महतो, सुभाष रवानी, आशीष तिवारी, योगेश महतो, सुमन पाण्डेय, मीना सिंह, गीता देवी, पप्पू मंडल, पप्पू सिंह, नरेश मंडल, राकेश गयाली, रेखा देवी, डालेश्वरी देवी, गफ्फार अंसारी, धनंजय महतो, राम चंद्र राणा, प्रेम कुमार सिन्हा, महेन्द्र प्रसाद, गौतम गोप, रिंकू महतो, सुदामा पासवान, तबरेज अंसारी और सुल्तान अंसारी आदि थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ईद को लेकर लोयाबाद में शांति समिति की बैठक



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। ईद को लेकर गुरुवार को लोयाबाद थाने में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी विकाश यादव एवं संचालन सुनील पांडेय ने किया। बैठक में सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुल कर ईद मनाने का निर्णय लिया। मुस्लिम कमेटी इलाका लोयाबाद के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने कहा कि लोयाबाद में सभी धर्म के लोग मिल जुलकर ईद मनाते है। ये एक मिशाल है। वहीं, असलम मंसूरी ने कहा कि ईद खुशियों का त्योहार है, जिसे लोयाबाद के लोग गंगा यमुना तहजीब से मनाते है। वहीं, थाना प्रभारी विकाश कुमार यादव ने सभी शांति समिति के सदस्यो से ईद में मुस्तैद रहने की अपील की। साथ ही किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने और विषम परिस्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करने की बात कही। बैठक में चेंबर के अध्यक्ष राजकुमार महतो, रवि चौबे, मनोज मुखिया, सिपाही चौहान, राजेंद्र पासवान, अवधेश सिंह, अनवर अंसारी, रामेश्वर तुरी, श्रीराम चौहान आदि थे।

### ईद को लेकर बाजारों में रौनक, जम कर हो रही खरीदारी



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। मुस्लिम समुदाय के सबसे बड़े त्योहार ईद-उल-फितर में 9 या 10 दिन ही बाकी हैं। ऐसे में घर-घर में ईद की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। बेरमो क्षेत्र के फुसरो बाजार में ईद की रौनक नजर आने लगी है। बाजार की अधिकतर दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। हालांकि महंगाई पर आस्था भारी दिख रही है। ईद का त्योहार चांद देखने के बाद ही मनाया जाता है। लोग अपने परिवार के लिये कपड़े, जूते, इतर आदि की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानों पर महिलाओं की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा सकती है। दुकानदारों का कहना है कि भले ही महंगाई बढ़ी है लेकिन उसके बावजूद जमकर ईद की खरीददारी हो रही है। दुकानदार मंजुर हुसैन उर्फ जीया, मो इलियास व मो फैजान का कहना है कि पिछली साल की अपेक्षा इस बार खरीददारी ज्यादा हो रही है। हालांकि महंगाई की वजह से लोग बच्चों और अपने लिये जरूरत के मुताबिक सामान खरीद रहे हैं। ईद की खरीदारी को लेकर अभी बाजार में चहल पहल और बढ़ेगी। वहीं दुकानदारो के चेहरे पर लंबे समय बाद रौनक लौटी है और लोग भी बिना पाबंदी के ईद की खरीदारी करते नजर आ रहे है।

### गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के विवादित बयान पर झामुमो में आक्रोश, पुतला फूंका



धनबाद (आजाद सिपाही)। गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे की ओर से बीते दिनों कथित रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके परिवार समेत जेल में डाले जाने संबंधि दिए गए बयान पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने कड़ी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को जिले के रणधीर वर्मा चौक पर सांसद का पुतला दहन किया। इस दौरान धनबाद जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मन्नू आलम ने कहा कि निशिकांत दूबे ने भाजपा की बैठक में कहा था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सपरिवार जेल में डलवा देंगे। यही नहीं झारखंड में समय से पहले चुनाव करवा देंगे। राहुल गांधी ने मोदी के बारे में बोला तो उन पर कोर्ट में मामला दर्ज करवाकर सदस्यता खत्म करवा दी गई। इन्होंने पूरे सोरेन परिवार को जेल भेजने की बात कही है जिसे झारखंड के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। ऐसा कर निशिकांत दूबे ने मूलवासियों को गाली देने का काम किय। इस मुद्दे को लेकर झामुमो सड़क से संसद तक आंदोलन करेगा ।

## जोगता नागरिक समिति ने अवैध लोहा लदे वाहन को पकड़ कर पुलिस को सौंपा, दर्ज हुआ मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेतुलमारी/कतरास।** लोहा तस्करों द्वारा बीसीसीएल अधिकारी और सीआइएसएफ की कथित मिलीभगत से डंके की चोट पर प्रतिदिन लाखों रुपये का लोहा टपाया जाता है। बीसीसीएल प्रबंधन पुलिस को कोई भी लिखित शिकायत नहीं देते हैं। जिस कारण धंधेबाजों का मनोबल सातवें आसमान पर है। वे लोग बेरोकटोक दिनदहाड़े लोहा चोरी की घटना को अंजाम देते है। इसे देखते हुए जोगता के स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय संपति बचाने और अवैध कार्य पर लगाम लगाने का निर्णय लिया। गुरुवार की सुबह 9 बजे बीसीसीएल का लोहा काट कर ले जाते देख स्थानीय ग्रामीणों ने जोगता नागरिक समिति के नेतृत्व में एकजुट होकर अवैध लोहा लदे वाहन को सिजुआ मोड़ स्थित बाघमारा पुलिस



अनुमंडलाधिकारी के कार्यालय के समीप धर दबोचा। जिसे बाद में पुलिस को सौंप दिया। हालांकि इस दौरान धंधेबाजों और जोगता नागरिक समिति के लोगों के बीच नोक झोंक भी हुई। लेकिन मामला बढ़ता देख सभी धंधेबाज वहां से फरार होने में सफल रहे। उधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोहा लदे वाहन को अपने कब्जे में लेकर नागरिक समिति के लिखित शिकायत पर 6 नामजद सहित कई अन्य के खिलाफ जोगता थाना कांड संख्या 12/23 अंकित कर जांच शुरू कर दी है।

### तस्करों ने दी जान से मारने की धमकी

जोगता नागरिक समिति के सदस्यों ने बताया कि अवैध लोहा लदे वाहन को पकड़ने पर शौकत खान, सोनू खान, नासिर और फरदीन खान सहित 10 अन्य लोगों ने उन लोगों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी है। जिसकी लिखित शिकायत जोगता थाना में की गई है। अवैध धंधेबाज प्रतिदिन मोदीडीह,वेस्ट मोदीडीह, अंगारपथरा, लोयाबाद कोलयरी व कनकनी से लाखो रुपये के स्क्रैप लोहा दिनदहाड़े चोरी कर भूली स्थित गोल्डन के अवैध लोहा गोदाम में खपाया जाता है।

## पानी की किल्लत झेल रहे ग्रामीणों का टूटा धैर्य

# सड़क जाम कर प्रदर्शन, लिखित आश्वासन के बाद अवरोध समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** दो महीने से पानी की किल्लत झेल रहे लोयाबाद के ग्रामीणों के धैर्य का बांध गुरुवार को टूट गया। बड़ी संख्या में आक्रोशित लोगों ने लोयाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स की अगुवाई में जल दो या जेल दो के नारे के साथ पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे कतरास-धनबाद मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम होते ही दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोग झमाडा के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इसकी खबर पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विकास कुमार यादव मौके पर पहुंच गए। जहां प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक एसडीओ यहां नहीं आते वे लोग आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। तब थाना प्रभारी ने एसडीओ से मोबाइल पर बात की तो पता चला कि वे छुट्टी पर हैं। उनके कहने पर थाना प्रभारी ने जेई से आधे घंटे के अंदर वार्ता कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। चेंबर अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा कि यहां की जनता दो माह से पानी के लिए परेशान हैं। कई बार झमाडा के करकेंद स्थित टावर के



पास प्रदर्शन करने के बाद भी कोई अधिकारी सुन नहीं रहा था। बाध्य होकर सड़क पर उतरना पड़ा। वहीं, संरक्षक असलम मंसूरी ने कहा कि प्रतिदिन गर्मी बढती जा रही है। लोग पानी के लिए हलकान थे। इस स्थिति में आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा था। सचिव सुनील पांडे ने कहा कि जब तक लोगों को पानी की समस्या से छुटकारा नहीं मिल जाता है तब तक चुप नहीं बैठेंगें। दूसरी ओर, लोयाबाद थाना में झमाडा के जेई विनय कुमार और प्रभारी पुटकी अंचल असलम खान के साथ थाना प्रभारी की मौजूदगी में चेंबर के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। जिसमें जेई ने माना कि मोटर पंप जल जाने से लोगों को पानी की किल्लत हुई है। जेई ने चेंबर को लिखित आश्वासन दिया कि लोयाबाद क्षेत्र में जिस पाइप से करकेंद के लोगों को पेयजलापूर्ति की जाती है उसका कनेक्शन काट दिया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उससे कोई कनेक्शन नहीं ले। करकेंद टावर से लोयाबाद क्षेत्र में एक-एक दिन के बाद तीन घंटे पेयजलापूर्ति करने, लोयाबाद के लिए अलग से एक पाइप लाइन बिछाने, 100 एचपी का दो मोटर पंप लगाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर चेंबर के संरक्षक असलम मंसूरी, अध्यक्ष राजकुमार महतो, सचिव सुनील पांडे, मनोज मुखिया उपाध्यक्ष इसराफिल अंसारी, अनुप गुप्ता, पवन वर्णवाल, ओंकार केसरी, प्रदीप गुप्ता, विशाल महतो, इंद्रदेव गणेश साव, आरयन शर्मा, महेश मोदी, राजू चौरसिया, कृष्णा वर्णवाल, जितेंद्र वर्णवाल, विजय मोदी, अरुण वर्मा और मोहन रवानी आदि मौजूद थे।

### डीएवी सेक्टर- 6 के बच्चों ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में जीते गोल्ड मेडल



बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 के प्रार्थना सभा में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित नेशनल साइंस ओलंपियाड में डीएवी छह के विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। गोल्ड मडल जितने वाले विद्यार्थियों में कक्षा प्रथम की आद्या कुमारी, प्रिंस कुमार, सुमन कुमारी, दूसरी के सताक्षी झा, प्रतुश रंजन तीसरी के आयुष्मान सिंह, नीतिक प्रसाद, कक्षा चतुर्थ के सोमंजय सिंह, छठी का हिमांक पाठक, नवमी के अश्लेशा यादव, अनन्य रिया सारथी, दसवीं के पायल प्रिय कल्याणी प्रियांशु, 11वीं की आशु कुमारी, शुभम राज साकेत, सौरभ, रूद्र प्रताप, अभिनव, सुशांत आदि सभी को स्वर्णपदक के साथ प्रमाणपत्र प्रदान किए गये। प्राचार्य एसके मिश्र ने सभी बच्चों की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने सभी बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची**

**निविदा रद्द सूचना**

इस कार्यालय के अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 07/2022-23 जो समाचार पत्रों में P.R. No. 292117 Drinking Water and Sanitation (22-23) D द्वारा प्रकाशित किया गया था, को नियम एवं शर्त की कंडिका 18 के आलोक में अपरिहार्य कारणों से एतद् द्वारा रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

PR295075 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RE-RDD/SD/HZB/25/2022-23 पी0आर0 संख्या 294768 Rural Development (23-24):D में निम्न संशोधन किया जाता है:–

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे

3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 15.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 24.04.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।

4.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।

5.निविदा खोलने का स्थान एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, हजारीबाग, 26.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 295158 (Building)23-24*D

**कार्यालय:- जिला परिषद, लातेहार**

**सैरात की बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24**

**तृतीय सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बस पड़ाव महुआडांड। (वित्तीय वर्ष 2023–24) | महुआडांड | 0/04/2023 | 11:00 AM | 854334.00 | 85500.00 |

नोट :– 1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर **दिनांक 21/04/2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः **दिनांक 24/04/2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** बन्दोबस्ती की जाएगी।

2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लातेहार।

PR.NO.295063 Rural Development(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता(यॉंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, राँची**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 133 दिनांक 31/03/2023, पी0आर0 संख्या 294285 Water resources(23-24)#D द्वारा आमंत्रित ई.निविदा आमंत्रण सूचना संख्या डब्लू0 आर0 डी0/ आई0 एम0 डी0 राँची/11/2022–23 को निम्नलिखित आंशिक संशोधन किया जाता है।

1. बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 19.04.2023(05:00 बजे अपराह्न तक) के स्थान पर दिनांक 25.04.2023(05:00 बजे अपराह्न तक) पढ़ा जाय।
2. निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय 21.04.2023(03:00 बजे अपराह्न) के स्थान पर दिनांक 27.04.2023(03:00 बजे अपराह्न) पढ़ा जाय।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.04.2023(05:00 बजे अपराह्न तक) के स्थान पर दिनांक 26.04.2023(03:00 बजे अपराह्न तक) पढ़ा जाय।
4. ई.निविदा के Terms and conditions of Tender की कंडिका 1. Experience Criteria - The bidders should have experience of having successfully executed similar nature of works during last three years ending on **31th March 2022** के स्थान पर The bidders should have experience of having successfully executed similar nature of works during last three years ending on **31th March 2023** पढ़ा जाय।

कृपया इसे इस हद तक संशोधित समझा जाय। शेष सूचनाएँ यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, राँची

PR 295141 (Water Resource)23-24*D

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पंजाब नेशनल बैंक के 129वें स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को बैंक की पोखरीपुट शाखा में आईएमएस एंड सम अस्पताल द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आइएमएस एंड सम अस्पताल की 6 सदस्यीय मेडिकल टीम ने संबंधित शाखाओं में बैंक कर्मचारियों सहित बैंक में आने वाले सभी लोगों का रक्तचाप, मधुमेह और साधारण स्वास्थ्य जांच किया गया था। उद्घाटन के अवसर पर पीएनबी सर्किल भुवनेश्वर के प्रमुख चितरंजन पुष्टि, ए.उदय वास्कर रेड्डी चीफ जोनल ऑफिसर भुवनेश्वर, डिप्टी जोनल मैनेजर जन्मेंजय दीक्षित, ब्रांच मैनेजर (ब्रांच मैनेजर) पीएनबी पोखरिपुट के सुरेश कुमार साहू, साधारण संपादक ऑल इंडिया पीएनबी एसोसिएशन के बैलोचन मौजूद थे। शिविर की अध्यक्षता रोगी संबंध विभाग के डॉ. विश्वजीत परीडा, डॉ. लिंगराज रथ और इंजीनियर प्रेमनाथ तांडी ने की, साथ ही आईएमएस और सम अस्पताल के मेडिकल इंटर्न डॉ. आद्याशा आचार्य, डॉ. एलिना बाहिनीपति और डॉ. सौम्यदीप मिश्र ने किया।

## सम हॉस्पिटल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजित

भुवनेश्वर 13/04 इसिका अग्रवाल शिवम और जयंत कुमार की टीम ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयुर्विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में जीत हासिल की। इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन (आइएपीएसएम) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर क्विज का आयोजन किया गया था। इस अस्पताल में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दो चरणों में इसका आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में आइएमएस और सम अस्पताल के छात्रों सहित तीन सदस्यीय विशिष्ठ 14 टीमों ने भाग लिया। कंयुनिटी मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास चंद्र नायक ने कहा, ₹जब 3 अप्रैल को एलिमिनेशन राउंड हुआ, तो चार टीमों ने फाइनल में जगह बनायी।

10 अप्रैल को, जब क्विज के अंतिम दौर का आयोजन किया गया, तो डॉ. नायक ने क्विज मास्टर के रूप में कार्यभार संभाले थे। इस फाइनल राउंड में 30 फैकल्टी के साथ 250 मेडिकल छात्रों ने भाग लिए थे। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ.) पुष्पराज सामंतसिंहार एवं कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) सुमित्रा पटनायक ने किया।

# अतीक रिमांड पर, बेटा असद और शूटर गुलाम का झांसी में एनकाउंटर

## 30 मिनट में 49 राउंड फायरिंग हुई, 48 दिन से फरार थे दोनों

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज/झांसी।** गैंगस्टर अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम मोहम्मद को यूपी पुलिस ने गुरुवार को मार गिराया। दोनों उमेश पाल मर्डर केस में वांटेड थे। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस के मुताबिक, इनके पास विदेशी हथियार भी मिले हैं। एनकाउंटर झांसी में पारीछा डैम के पास एसटीएफ ने किया। प्रशांत कुमार एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने बताया- इनपुट थे कि रास्ते में काफिले पर हमला करके अतीक को छुड़ाने की प्लानिंग की जा रही है। इसे देखते हुए स्पेशल फोर्सेस लगाई गई थीं। एसटीएफ की कार्रवाई के दौरान अतीक की प्रयागराज कोर्ट में पेशी चल रही थी। बेटे के एनकाउंटर की खबर सुनकर वो रोने लगा। गला सूखा तो पानी मांगा और सिर पकड़कर बैठ गया। 24 फरवरी को उमेश पाल के मर्डर के बाद से ही असद और गुलाम मोहम्मद फरार थे। एसटीएफ 48 दिन से लगातार इन्हें ट्रेस कर रही थी और झांसी में इनकी लोकेशन मिलने पर मार गिराया। एनकाउंटर को डिप्टी एसपी नवेंदु और डिप्टी एसपी विमल ने लीड किया। एसटीएफ के डीआइजी




अनंत देव तिवारी ने बताया कि उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य शूटर असद और गुलाम ने पुलिस टीम को देखते ही बाइक से भागने की कोशिश की। एसटीएफ टीम के पीछा करने पर विदेशी अत्याधुनिक हथियारों से फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उनकी बाइक गिर गई। जिस पर दोनों ने भागते हुए पुलिस को निशाना बनाया। पुलिस ने भी जवाबी फायर किया। करीब 30 मिनट चली इस मुठभेड़ में 49 राउंड फायरिंग हुई।

### एनकाउंटर के बाद बड़े बयान

**उमेश पाल की मां बोलीं:** मेरे बेटे को सरेआम गोली मार दी। आज की कार्रवाई से हम लोगों को थोड़ी सी शांति मिली है। मेरे बेटे के हत्यारे मारे गये। ये जो 2 एनकाउंटर हुए हैं, उन्हें पाप की सजा मिली। देर है अंधेर नहीं है। योगीजी को धन्यवाद।

**अमिताभ यश (एडीजी, यूपी एटीएफ):** हमें जानकारी थी कि इनके पास विदेशी हथियार हैं। हम तैयार थे। जिस तरह इस गैंग ने उमेश पाल और उनके दोनों गनर्स को मारा था, इन आरोपियों को पकड़ना आसान नहीं था। दोनों के पास ब्रिटिश बुलडॉग रिवॉल्वर और वाल्थर पिस्टल मिली है। ये हथियार रेयर हैं। सामान्यतः मिलते नहीं हैं।

**अखिलेश यादव (सपा प्रमुख):** भाजपाई कोर्ट में विश्वास नहीं रखते। ये फेक एनकाउंटर है। इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए।

**असदुद्दीन ओवैसी (एआइएम एमआइ एम प्रमुख):** हरियाणा में जुनैद और नासिर के मारने वालों को भी गोली मरोगे क्या बीजेपी वालों, नहीं करोगे क्योंकि मजहब के नाम पर एनकाउंटर करते हो तुम। ये संविधान का एनकाउंटर है, अगर एनकाउंटर ही करना है है तो अदालतों पर ताला लगा दीजिए। मायावती (बसपा प्रमुख)- अतीक अहमद के बेटे और एक अन्य की आज पुलिस मुठभेड़ में हुई हत्या पर अनेक प्रकार की चचाएं गर्म हैं। लोगों को लगता है कि विकास दुबे कांड के दोहराये जाने की उनकी आशंका सच साबित हुई है। इसकी उच्च स्तरीय जांच जरूरी है।

### एडीजी लॉ एंड ऑर्डर बोले: सरकार माफियाओं को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध

उत्तर प्रदेश के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने कहा- सरकार की अपराध और अपराधियों, माफियाओं को खत्म करने की जो प्रतिबद्धता है, वो आप जानते हैं। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। 12.30 से 1.00 बजे के बीच सूचना के आधार पर कुछ लोगों को रोका गया तो दोनों तरफ से गोलियां चलीं। उस ऑपरेशन में एसटीएफ ने असद और गुलाम पर फायरिंग की। ये घायल हुए और बाद में दम तोड़ दिया।

## किट में यूथ 20 परामर्श सम्मेलन

# 20 देशों के सांसद करेंगे शिरकत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट विश्वविद्यालय का प्रतिष्ठित यूथ-20 परामर्श सम्मेलन 14 और 15 अप्रैल को हो रहा है। इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, यूक्रेन, स्विट्जरलैंड, पोलैंड, आर्मेनिया, स्लोवाकिया, बुल्गारिया, कांगो समेत 20 देशों के सांसद के साथ 5 देशों के राजनैतिक और भारत के 25 सांसद शामिल होंगे। इसके अलावा, 14 अप्रैल से शुरू हो रहे कॉन्क्लेव में विभिन्न देशों के 200 से अधिक शिक्षाविदों और प्रौद्योगिकीविदों ने भाग लेने का कार्यक्रम है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय खाऊटी व्यापार और खाद्य एवं सार्वजनिक आपूर्ति राज्य मंत्री, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे और ओड़िशा सरकार के खेल एवं युवा मामले तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री तुसरकांति बेहेरा अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सूचना मुताबिक यह सम्मेलन जी-20 शिखर सम्मेलन के समग्र ढांचे में शामिल है। इस साल भारत जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जी-20 देशों की विभिन्न समस्याओं की पहचान करना, उन पर चर्चा करना और जी-20 शिखर सम्मेलन में इन समस्याओं के समाधान के लिए रूपरेखा तैयार करना है। भारत सरकार के युवा व्यापार एवं खेल मंत्रालय ने यूथ-20 सम्मेलन आयोजित करने की जिम्मेदारी किट यूनिवर्सिटी को दी है। किट यूनिवर्सिटी यूथ-20 के विभिन्न कार्यक्रमों में देश के 200 से अधिक महाविद्यालयों के 10 हजार से अधिक छात्रों शामिल होंगे।




## संबलपुर शहर में 48 घंटे तक इंटरनेट सेवा बंद

# शांति बनाये रखने के लिए सरकार की तरफ से उठे कदम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/संबलपुर।** संबलपुर शहर में 48 घंटे तक इंटरनेट सेवा बंद किये सरकार , इस संबंध में राज्य सरकार के गृह विभाग द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित की गई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार की ओर से कदम उठाए गए हैं। गुरुवार सुबह 10 बजे से 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद रहेगा। गौरतलब है कि बुधवार को जब हनुमान जयंती के अवसर पर बाइक शोभायात्रा संबलपुर के धनुपाली मार्ग से जा रही थी तो स्थानीय इलाके में दो गुटों में तनाव हो गया. पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो पुलिस के ऊपर पथराव किया गया। जिसमें अतिरिक्त एस.पी, धनुपाली आईआईसी समेत 10 पुलिसकर्मी



घायल हो गए। आक्रोशित लोगों ने दुकानों में आग लगा दी और कारों और बाइकों में तोड़फोड़ की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा भारी संख्या में फोर्स तैनात किया गया है। हालांकि हनुमान जयंती की शोभायात्रा गोविंद तला गली से निकलकर जेल चॉक, धनुपाली थाना चॉक, मोती झरन चॉक, साक्षीपड़ा, लक्ष्मी टॉकीज, मोदिपड़ा होते हुए शहर में परिक्रमा करना था. हालांकि हिंसा को लेकर पुलिस ने संबलपुर के 6 थानों के अंचल में धारा 144 लागू कर दी है।

## उपचुनाव के लिए बीजेपी ने उम्मीदवार का एलान किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजेडी और कांग्रेस के बाद अब बीजेपी ने झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान किया है। बीजेपी ने झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए युवा नेता टंकधर त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है। प्रदेश भाजपा की सिफारिश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मंजूरी दिए। इस संबध में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने इसकी जानकारी दी। हालांकि इससे पहले झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए दिवंगत नेता व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री नव दास के बेटी दीपाली दास को बीजेडी ने उम्मीदवार बनाया है और काग्रेस ने पूर्वतन विधायक वीरेंद्र पांडेय के बेटे तरुण पांडेय को उम्मीदवार बनाया है।







# जेएसपी ओड़िशा में नया रेल मिल लगायेगा

**भुवनेश्वर /नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** अंगुल जाने-माने उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में निरंतर योगदान करने के अपने प्रयासों के तहत ओड़िशा स्थित अपने अंगुल स्टील परिसर में 1.2 एमटीपीए की रेल और हेवी स्ट्रक्चर मिल लगायेगी। अंगुल में नयी रेल मिल चालू होने के बाद जेएसपी की कुल रेल निर्माण क्षमता 2.2 एमटीपीए हो जायेगी। छत्तीसगढ़ स्थित रायगढ़ स्टील प्लांट में 1 एमटीपीए (प्रतिवर्ष 10 लाख टन) क्षमता की रेल मिल से जेएसपी ने 1175 एचटी, आर 350 एचटी, एसिमेट्रिक रेल और खासकर मेट्रो-मोनो ट्रेन जैसी तेज गति की गाड़ियों के लिए 1080 एचएच रेल भी विकसित की है। जेएसपी की इस पहल से राष्ट्र गर्वान्वित हुआ है क्योंकि ये उत्पाद आयात के विकल्प हैं और 25 एमटी से अधिक के भारी-भरकम एक्सेल लोड के लिए आवश्यक भी हैं। इससे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हम एक कदम आगे बढ़े हैं। इन रेलों का उपयोग मुख्य रूप से मेट्रो, बुलेट ट्रेन समेत तेज गति से चलने वाली ट्रेनों के सुचारु संचालन में किया जाता है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**